दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
शिवपुरी ■ मंगलवार 28 जनवरी 2025 ■ वर्ष -25 ■ अंक-238 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**

हमेशा याद रखना बेहतरीन दिनों के लिए बुरे दिनों से लड़ना पड़ता है।

सीएम डॉ. मोहन यादव इंदौर में हितग्राही सम्मेलन में सफाई कर्मियों को पहनाई पादुका, कांग्रेस की महू में आयोजित रैली पर साधा निशाना, कहा

# नकली गांधी ने असली को मिटाया! बाबा साहब आंबेडकर को कांग्रेस ने कभी सम्मान नहीं दिया

- बाबा साहब की जयंती- पुण्यतिथि पर कांग्रेसी महू नहीं आए
- नेहरू, इंदिरा- राजीव गांधी तक ने संविधान का अपमान किया

- पीएम मोदी के सुशासन और समता मूलक समाज की अवधारणा पर देश बढ़ रहा आगे
- बाबा साहेब की समरसता और समानता की भावना के अनुरूप मप्र सरकार कर रही कार्य
- जियो और जीने दो के सिद्धांत पर हर गरीब का जीवन बेहतर बनाने राज्य सरकार प्रतिबद्ध



सत्ता सुधार ■ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में जन-कल्याण अभियान कार्यक्रम में शासकीय योजनाओं में चयनित पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। इस मौके पर सीएम ने सफाई कर्मियों को पादुका पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान उन्हें कांग्रेस के महू में हो रहे सम्मेलन पर निशाना साधते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर को कांग्रेस ने कभी सम्मान नहीं दिया। उन्हें बाबा साहब की तिथियों पर उनकी याद नहीं आती। सीएम ने कहा कि बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर का योगदान कांग्रेस को याद नहीं है। संविधान दिवस पर वे बाबा साहब की जन्म स्थली पर नहीं आए। हम जिन आदर्श को मानते हैं। उनकी तिथियों का भी महत्व है। बाबा साहब आंबेडकर की जयंती या पुण्यतिथि पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कभी महू नहीं आए। कांग्रेस के लोग जब भी आते हैं आंखों में धूल झोंकने आते हैं। बाबा साहब ने संविधान दिया तो आना चाहिए तो 26 जनवरी को आते, आज क्यों आए हैं। बाबा साहब के साथ जीवन भर अन्याय करने वाली पार्टी कांग्रेस रही है। पहले जवाहरलाल नेहरू ने दो- दो बार बाबा साहब को हरवाने के लिए नेहरु ने ताकत लगा दी और जिन्होंने हरवा दिया उसे पद्म विभूषण दिलवा दिया। जब बीपी सिंह पीएम थे तो भाजपा के कहने पर बाबा साहब को भारत रत्न दिया गया। हमारी सरकार सबको ढूंढ कर पद्मश्री देती है।

- जापान के उद्योग समूह अपनी उन्नत तकनीक के साथ प्रदेश में कार्य करने के इच्छुक
- हर हाथ को काम और हर खेत को पानी राज्य सरकार का लक्ष्य
- जन कल्याण अभियान में हितग्राहियों को वितरित किए हितलाभ
- मध्यप्रदेश में युवा, महिला, अन्नदाता,गरीबों के कल्याण के लिए मिशन मोड में कार्य कर रहे हैं...

### प्रियंका कभी नहीं लिखतीं वाड्रा...

बहन प्रियंका गई वाड्रा परिवार में, लेकिन गांधी लगाती हैं, क्योंकि वोट नहीं कट जाएं। नकली गांधियों ने असली गांधी मिटा दिया। एक बार अजा वर्ग से सीताराम केसरी अध्यक्ष बन गए। कांग्रेस ने बुजुर्ग नेता उनकी धोती खोलकर कांग्रेस कार्यालय से बाहर निकालने का काम किया। अब ये संविधान बचाने की बात कह रहे हैं। नेहरु, इंदिरा से लेकर राजीव गांधी तक ने संविधान का अपमान किया।

### नेहरू ने खुद ले लिया भारत रत्न

बाबा साहब आंबेडर ने कहा था समतामूलक समाज बनाना होगा। पीएम मोदी ने सबका साथ सबका विकास इसी उद्देश्य से किया। कांग्रेस ने बाबा साहब का सम्मान कभी नहीं किया। बाबा साहब को कोई सम्मान नहीं दिया, बल्कि नेहरु ने खुद को भारत रत्न ले लिया। इंदिरा गांधी ने भी भारत रत्न ले लिया, लेकिन बाबा साहब के योगदान को याद नहीं किया।

## जिस दिन संविधान खत्म हुआ गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा

- राहुल गांधी बोले- संविधान ने सभी को सपना देखने का हक दिया
- आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा करेंगे, अदाणी-अंबानी पर बरसे
- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा- गंगा स्नान से गरीबी दूर नहीं होगी



सत्ता सुधार ■ महू

भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू में आयोजित कांग्रेस की जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली में राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संविधान ने सभी को अच्छे भविष्य का सपना देखने का हक दिया है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। हिंदुस्तान में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक तरफ कांग्रेस है, जो संविधान को मानती है और इसके लिए लड़ रही है। दूसरी तरफ भाजपा और संघ है, जो संविधान के खिलाफ हैं, इसे कमजोर करते हैं और खत्म करना चाहते हैं। संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, इसमें हिंदुस्तान की हजारों साल पुरानी सोच है। इसमें आंबेडकर, महात्मा गांधी, भगवान बुद्ध, फुले जैसे महापुरुषों की आवाज है।

### खड़गे बोले- भाजपा नेताओं में गंगा स्नान की होड़

इधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाकुंभ स्नान को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गंगा स्नान से गरीबी दूर नहीं होगी। भाजपा नेताओं में गंगा स्नान की होड़ लगी हुई है। लोग कॉम्पटीशन में डुबकी मार रहे हैं। जब तक टीवी में डुबकी अच्छी नहीं आती है तब तक डुबकी मारते रहते हैं। धर्म पर हम सभी की आस्था है। धर्म हम सभी के साथ है, लेकिन धर्म के नाम पर किसी समाज में गरीबों का शोषण होगा तो हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### सैफ पर हमला: बंगाल की एक महिला गिरफ्तार

**कोलकाता।** मुंबई पुलिस ने बंगाल के नदिया जिले में तलाशी अभियान चलाया और अभिनेता सैफ अली खान पर हमला मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में पता चला है कि हमले के लिए मुंबई में पूर्व में गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिक द्वारा इस्तेमाल किया गया सिम महिला के नाम पर पंजीकृत था।

### कर्नाटक के 4 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई/मंगलुरु।** कांदिवली वेस्ट में स्थित एक कॉलेज को सोमवार को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली है। वहीं कर्नाटक के भी 4 स्कूलों को बम की धमकी वाला ईमेल मिला है। ईमेल में लिखा है कि परिसर में विस्फोटक सामान रखा हुआ है।

### महाराष्ट्र के सोलापुर में जीबी सिंड्रोम से पहली मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के सोलापुर में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से पहली मौत की बात सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि शख्स पुणे में काम करता था और अपने घर सोलापुर गया था। उसके गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से पीड़ित होने का संदेह था। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक 26 जनवरी तक जीबीएस के 101 एक्टिव मरीज हैं। इसमें पुणे से 81 मरीज, पिंपरी चिंचवाड़ से 14 और 6 मरीज अन्य जिलों से हैं।

## महाकुंभ में 'शाही' डुबकी



**प्रयागराज।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को सपरिवार प्रयागराज पहुंचे और संगम तट पर डुबकी लगाई। जिस समय अमित शाह ने डुबकी लगाई उस समय योग गुरु बाबा रामदेव, अवधेशानंद गिरी महाराज और कैलाशानंद भी साथ रहे। इसके बाद शाह ने सपत्नीक गंगा तट पर पूजा की। बेटे जय शाह भी साथ रहे। शाह के पोते को भी संतों ने आशीर्वाद दिया।

## लेखपाल के घर मिली आय से 240 फीसदी ज्यादा संपत्ति

- रतलाम निगम लेखापाल के घर पर ईओडब्ल्यू का छापा
- कार्रवाई के दौरान चार करोड़ की संपत्ति मिली
- धार में पिता के घर पर भी ईओडब्ल्यू की दबिश

सत्ता सुधार ■ रतलाम



रतलाम नगर निगम के लेखापाल के यहां इंदौर ईओडब्ल्यू ने दबिश दी। टीम ने तड़के चार बजे लेखापाल विकास सोलंकी के सभी ठिकानों पर छापा मारा। इंदौर डीएसपी पवन सिंघल के नेतृत्व में टीम ने दस्तावेजों की जांच की। लेखापाल के ग्लोबस कॉलोनी स्थित मकान, धार जिले के रिंगनोद गांव स्थित पैतृक निवास पर एक साथ टीम पहुंची। आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में ईओडब्ल्यू की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि 40 हजार रुपए मासिक वेतन पाने वाले नंदकिशोर सोलंकी के पास चार करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति मिली। सोलंकी की 28 साल की नौकरी में कुल वैध आय 50 लाख रुपए होनी चाहिए, लेकिन प्रारंभिक तौर पर ही संपत्ति आय से 240 प्रतिशत अधिक पाई गई है। लेखापाल विकास सोलंकी की पत्नी प्रीति डेहरिया जिला पंचायत में अकाउंट ऑफिसर के पद पर हैं। उनके पिता नंदकिशोर सोलंकी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक हैं। जांच में सोलंकी के स्वामित्व में तीन मकान, चार गाड़ियां, तीन बसें और एक निर्माणाधीन पेट्रोल पंप की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा इंदौर में दो प्लॉट भी उनके नाम पर हैं।

## यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य उत्तराखंड

### अब हलाला, एक से ज्यादा शादी और तीन तलाक पर लगेगी रोक

#### सीएम ने कहा-सभी को मिलेगा समान हक

एजेंसी ■ देहरादून



उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) सोमवार से लागू हो गया है। मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसका ऐलान किया। यह कार्यक्रम सीएम आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित किया गया। सीएम ने कहा कि हमने 3 साल पहले जनता से किए गए वादे को पूरा किया। यूसीसी किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य किसी को टारगेट करना नहीं है। सभी को समान अधिकार देना है। 27 जनवरी का दिन समान नागरिकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। धामी ने कहा कि यूसीसी लागू होने से हलाला, बहुविवाह, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी। इस दौरान धामी ने समान नागरिक संहिता उत्तराखंड-2024 को लागू किए जाने पर नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण किया। यह पोर्टल आम जनता के लिए खोल दिया गया है।

### मिलेंगे समान अधिकार

उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। सीएम ने कहा कि यूसीसी लागू होने से समाज में एकरूपता आएगी। राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार होंगे और दायित्व भी सुनिश्चित हो सकेंगे। उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बन चुका है, जहां यह कानून प्रभावी हो गया है।



## ब्रीफ न्यूज

### महिला बाल विकास के रिक्त पदों पर चयनित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन 28 से 31 जनवरी तक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये सीधी भर्ती से चयनित अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। जो अभ्यर्थियों अपरिहार्य कारणों से 16 एवं 17 जनवरी 2025 को उपस्थित नहीं हो पाये उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 28 से 31 जनवरी, 2025 तक कार्यालयीन समय पर अपने समस्त मूल अभिलेख एवं एक सेट स्व-प्रमाणित छायाप्रति के साथ अभिलेखों के परीक्षण/सत्यापन के लिये उपस्थित होना है। अभ्यर्थी वेबसाइट से अपना सूचना-पत्र डाउनलोड कर संचालनालय महिला बाल विकास, वात्सलय भवन भोपाल में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। चयनित अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची संचालनालय के वेबसाइट https://mpwcdmis.gov.in पर उपलब्ध है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये सुलभा पटेल से मोबाइल नंबर 9424413185 पर संपर्क कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में राधा स्वामी डेरे पहुंचे



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में खंडवा रोड स्थित राधा स्वामी डेरे में पहुंच कर बाबा गुरिन्दर सिंह जी ढिल्लो और हुजुर जसदीप सिंह जी से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश की ओर से उनका अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि बाबाजी, व्यास पंजाब से सत्संग के लिए इन्दौर पधारे हैं।

# संविधान कराता है गौरव और स्वाभिमान के साथ हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध

- मुख्यमंत्री ने इंदौर के नेहरू स्टेडियम में फहराया राष्ट्र-ध्वज
- उमंग और उत्साह के साथ मनाया 76वां गणतंत्र दिवस
- 18 विभागों द्वारा निकाली गई नयनाभिराम झांकियां

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज राष्ट्र के जन-गण-मन में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व-गुण के फलस्वरूप यह संभव हुआ है। आज संपूर्ण विश्व में भारत की गरिमा और साख बढ़ रही है। उन्होंने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए शहीद राष्ट्रभक्तों और सभी सेनानियों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजली अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज संविधान निर्माताओं के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है। हमारा संविधान गौरव और स्वाभिमान के साथ हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध भी कराता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक वर्ष में प्रदेश के चहुंमुखी विकास के साथ प्रदेश की जनता के हित में जन-सहयोग से जो कार्य हुए हैं, उनसे मध्यप्रदेश विकसित राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश के लगभग साढ़े आठ करोड़ नागरिकों को जाता है, जो इस पहचान के शिल्पकार रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की मंशानुरूप विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश की हमारी यात्रा निरंतर चल रही है। संविधान दिवस के माध्यम से हमारा राष्ट्र संविधान की महिमा को एक उत्सव के रूप में मनाता है। 76वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्सव, उमंग और देशभक्ति के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोश और जुनून के साथ उत्साह भरे वातावरण में इंदौर के नेहरू स्टेडियम में झण्डावंदन किया। उन्होंने परेड की सलामी ली। इस मौके पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक एवं नयनाभिराम झांकियां भी निकाली। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के मंगल अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया।



### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुतियां

गणतंत्र दिवस समारोह में तीन विद्यालयों के बच्चों ने राष्ट्रीयता, देशभक्ति, एकता और सद्भावना पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सीएम राइज स्कूल अहिल्या आश्रम क्रमांक 02 की बालिकाओं ने देशप्रेम की भावना से सराबोर और राष्ट्रीय गीतों पर आधारित रंगारंग प्रस्तुति दी। मां उमिया देवी पाटीदार कन्या स्कूल राऊ के बच्चों ने विभिन्न प्रान्तों के लोकनृत्य और लोकगीत पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी। दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति, साहस और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी।

### मुख्यमंत्री ने इंदौर में स्कूली बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन

सीएम डॉ. यादव गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के बाद इंदौर के शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर विद्यालय में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में आयोजित मध्यान्ह भोजन के विशेष भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों को उपहार स्वरूप स्कूली बैग, पानी बॉटल आदि वितरित कीं। सीएम ने विद्यार्थियों से संवाद कर कहा कि एक शासकीय स्कूल में विज्ञान के प्रति कल्पनाशीलता के आधार पर जो हो सकता है, वह सभी इस स्कूल में देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं दीं। कहा कि शासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिये कारगर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में शैक्षणिक सुधार की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

# जापान तकनीक और आर्थिक क्षेत्र में मध्यप्रदेश के साथ जुड़कर कार्य करने का इच्छुक : सीएम

### भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए करेंगे निवेशकों को आमंत्रित

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जापान तकनीक और आर्थिक क्षेत्र में मध्यप्रदेश के साथ जुड़कर कार्य करने का इच्छुक है। उनकी जापान यात्रा प्रदेश के विकास और प्रगति के नए आयाम स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में 24-25 फरवरी को भोपाल में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए जापान के उद्योग समूहों को नई तकनीक के साथ आमंत्रित करना उनकी जापान यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार गरीब, महिला, किसान और युवाओं सहित सभी वर्गों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर अभियान संचालित कर रही है। शासकीय एवं निजी दोनों क्षेत्र में औद्योगिकरण, कृषि, पशुपालन सहित सभी क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार का प्रयास है कि सभी को आत्मनिर्भरता के साधन मिलें, उनकी क्षमता और कौशल का उन्नयन हो और परिवारों की आय बढ़ें, गत वर्ष किए गए विभिन्न प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश ने सभी क्षेत्रों में प्रगति कर उपलब्धियां दर्ज कराई हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी प्रदेशवासी आश्वस्त है कि मध्यप्रदेश अपनी क्षमता के आधार पर आगे बढ़ेगा और देश को विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### सीएम को जापान यात्रा के लिए दीं शुभकामनाएं



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रदेश में निवेश के लिए जापान की चार दिवसीय यात्रा के लिए रवाना होने पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने राजकीय विमानतल पर पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 27 जनवरी को सायंकाल नई दिल्ली से जापान के लिए प्रस्थान करेंगे।

# दुनिया को युद्ध की नहीं, महात्मा बुद्ध के शांति मार्ग की जरूरत है

### मुख्यमंत्री 9वें अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव में हुए शामिल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज दुनिया को युद्ध की नहीं, बुद्ध के बताये ज्ञान पर अमल की जरूरत है। भगवान बुद्ध का मार्ग ही विश्व शांति का मार्ग है। यह मार्ग हमें मन की शांति, करूणा, प्रेम, अपनत्व और विश्व बंधुत्व की ओर ले जाता है। मुख्यमंत्री ने बुद्ध के विचारों और शिक्षाओं को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि उनका संदेश दुनिया में शांति और सद्भाव लाने का सबसे सशक्त माध्यम है।

मुख्यमंत्री रविवार को भोपाल के चूना भट्टी क्षेत्र में आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने आयोजकों द्वारा चयनित विभूतियों को 'अंतरराष्ट्रीय बुद्ध शांति पुरस्कार' प्रदान किया तथा महोत्सव पर आधारित 'स्मारिका' का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक महोत्सवों से समाज में भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के संदेश का प्रसार होता है। बौद्ध महोत्सव में देश-विदेश से आए बौद्ध विद्वानों और अनुयायियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बौद्ध दर्शन और उसके माध्यम से विश्व शांति की स्थापना को बढ़ावा देना था। सीएम ने कहा कि समाज में समरसता लाने के लिए बुद्ध का बताया मार्ग सर्वश्रेष्ठ है। हम इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सरकार बौद्ध समाज के साथ मिलकर विकास के कार्य करेगी।



शिवपुरी ■ मंगलवार 28 जनवरी 2025 ■ वर्ष -25 ■ अंक-238 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

दैनिक सत्ता सुधार

जनता के साथ जनता की आवाज



# विवाह की रस्में...सत्ता सुधार परिवार में गूंजी शहनाई



दैनिक सत्ता सुधार समाचार पत्र समूह के सीएमडी गोपाल श्रीवास्तव के सुपुत्र नितिन श्रीवास्तव का विवाह धूम-धाम से ग्वालियर के बंधन गार्डन में संपन्न हुआ। जैसे ही श्रीवास्तव परिवार के लाड़ले की विवाह की रस्में शुरू हुईं वैसे ही पूरा शादी हाल शहनाई वादन से गूंज उठा। परिवार के साथ इस शादी समारोह के साक्षी बने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, ग्वालियर के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट एवं मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित अन्य सम्माननीय लोग।






गोपाल जी... आप ससुर बन गए





आशीर्वाद समारोह...



बधाई हो बेटा...



नितिन श्रीवास्तव को बधाई देतीं रुचिका चौहान कलेक्टर ग्वालियर।

बहुत-बहुत शुभकामनाएं...



विवाह समारोह में पहुंचे आईजी अरविंद सक्सेना।

सदा खुश रहो...



नितिन के विवाह समारोह के साक्षी बने डीआईजी अमित सांघी।

## प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने मुख्य समारोह में किया झंडा वंदन

# जिले में हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमामय ढंग से मना गौरवशाली भारतवर्ष का 76वां गणतंत्र दिवस

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



जिले में गौरवशाली भारतवर्ष का 76वाँ गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, उमंग, हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। यहाँ कम्पू स्थित एस.ए.एफ ग्राउंड पर आयोजित हुये गरिमामयी मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने झंडा वंदन किया और संयुक्त परेड की सलामी ली। बड़ी संख्या में जिलेवासी भारतीय गणतंत्र के शीर्ष उत्सव को मनाने के लिए एसएएफ मैदान पर पहुँचे।

गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री सिलावट ने प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद उन्होंने कलेक्टर रुचिका चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के साथ खुली जीप में सवार होकर संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। सिलावट ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया। संयुक्त परेड में शामिल जवानों ने हर्ष फायर किये और राष्ट्रपति के जयकारे लगाये। प्रभारी मंत्री सिलावट ने 76वे गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि ने शांति और खुशहाली के प्रतीक हरे, सफेद व केसरिया रंग के गुब्बारे आसमान में छोड़े। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल शहीदों के परिजनों व लोकतंत्र सेनानियों को समारोह में सम्मानित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा निकाली गई शासकीय योजनाओं पर केन्द्रित झांकियां, स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामूहिक व्यायाम आकर्षण का केन्द्र रहे। साथ ही 14वी वाहिनी एसएएफ के जवान सुनील यादव ने दाँतों से चार गाड़ियां खींचने का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद शहर के नागरिकों को रोमांचित कर दिया।

**बैंड की मधुर धुन पर निकला आकर्षक मार्चपास्टः** संयुक्त परेड में सीमा सुरक्षा बल, विशेष सशस्त्र बल की द्वितीय वाहिनी, 13वीं व 14वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल पुरुष व महिला, होमगार्ड, एनसीसी सीनियर बालक व बालिका, एनसीसी जूनियर बालक व बालिका, स्काउट गाइड, शौर्या दल व नगर रक्षा समिति की टुकड़ियों ने बीएसएफ, सीआरपीएफ एवं द्वितीय वाहिनी एस ए एफ. के बैण्ड की मधुर धुन के साथ आकर्षक मार्चपास्ट किया। संयुक्त परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी परेड कमाण्डर निरीक्षक जैंड्रेन लिंगजैर्पा ने किया। टूआईसी की भूमिका सूबेदार अखिल नागर ने निभाई। मार्चपास्ट के पश्चात सभी टुकड़ियों के परेड कमांडर्स से मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने परिचय प्राप्त किया। इस मार्चपास्ट में सीनियर वर्ग में बीएसएफ बटालियन को प्रथम, एसएएफ 13वी वाहिनी को द्वितीय एवं एसएएफ 14 वी वाहनीं की टुकड़ी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जूनियर वर्ग में एनसीसी जूनियर गर्ल्स को प्रथम, एनसीसी विंग सीनियर गर्ल्स को द्वितीय एवं स्काउट गाइड को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा इन सभी टुकड़ियों शील्ड प्रदान की गई।

**मनमोहक झांकियां निकलीं:** समारोह में शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर केन्द्रित चलित झांकियाँ विभिन्न विभागों द्वारा निकाली गई। जिसमें महिला बाल विकास विभाग की झाँकी को प्रथम पुरस्कार मिला। स्कूल शिक्षा की झांकी को द्वितीय व लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की झांकी को तृतीय स्थान मिला। पुरस्कार के रूप में संबंधित विभागों के अधिकारियों को शील्ड प्रदान की गई। इनके अलावा जिला पंचायत, आदिम जाति कल्याण, सामाजिक न्याय, कृषि, उद्योग, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, पशु चिकित्सा, ट्रैफिक पविहन एवं सहकारिता इत्यादि विभागों की झांकियाँ भी आकर्षण का केन्द्र रहीं।

## विधिक जागरूकता प्रदर्शनी रही गुलजार

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर व प्रधान जिला न्यायाधीश पीसी गुप्ता के निर्देशन व सचिव आशीष दवंडे के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्वालियर व्यापार मेले में विधिक जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई है। गणतंत्र दिवस पर अवकाश होने से रविवार को ग्वालियर व्यापार मेला देखने हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचे। अधिक संख्या में सैलानियों के आने से ग्वालियर व्यापार मेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लगाई गई विधिक जागरूकता प्रदर्शनी भी गुलजार रही। विधिक जागरूकता प्रदर्शनी में आने वाले सैलानियों के लिए विभिन्न कानूनी जानकारियों का प्रदर्शन तो किया ही जा रहा है साथ ही लीगल एड डिफेंस काउंसिल और पैरा लीगल वालेंटियर द्वारा प्रतिदिन लीगल एड क्लीनिक का आयोजन एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गणतंत्र दिवस पर विधिक जागरूकता प्रदर्शनी में आयोजित किए गये विधिक साक्षरता शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा द्वारा प्रदर्शनी में आए सैलानियों को विधिक जागरूकता प्रदर्शनी का अवलोकन कराया तथा मौलिक अधिकार, मूल कर्तव्य, निःशुल्क विधिक सहायता सहित नालसा, सालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रवीण मित्तल द्वारा भी सैलानियों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई जानकारियों के संबध में बताया। इस अवसर पर विधिक सहायता अधिकारी उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर सनातन सेन, पीएलवी( अधिकार मित्र) श्रीमती स्वराज माथुर, नीतेश कुमार पाठक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संदीप शर्मा, विक्रम बहादुर सिंह सहित आगतुंक सैलानी उपस्थित रहे।

## ग्वालियर विकास समिति का 46वां अभिनंदन समारोह संपन्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




शहर की सामाजिक संस्था ग्वालियर विकास समिति का 46वां अभिनंदन समारोह गणतंत्र दिवस पर होटल प्रहलाद इन समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर, पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना, कमांडेंट राकेश कुमार सगर, संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धि, ट्रिपल आईटीएम कॉलेज के निदेशक प्रो. एस.एन. सिंह, उप महानिरीक्षक ए.के. आर्या सीमा सुरक्षा बल, तहसीलदार अनिल राघव, डॉ. यशोधरा गौर, डॉ श्वेता यादव, नगर पुलिस अधीक्षक नागेंद्र सिंह सिकरवार, डबरा थाना प्रभारी यशवंत गोयल, वरिष्ठ वैज्ञानिक अखिलेश भार्गव, उपायुक्त नगर निगम अमर सत्य गुप्ता, प्रो.अंशु चतुर्वेदी, मेधावी छात्र में मेधांश त्रिवेदी, सहायक महाप्रबंधक दूरसंचार राकेश कुमार अग्रवाल, पार्षद रेखा त्रिपाठी, वरिष्ठ समाज से भी लख्मीचंद खत्री, राजेश त्रिपाठी, प्रो. संजय कुमार श्रीवास्तव, प्रवर अधीक्षक अमित कुमार सिंह, निज सहायक बी.डी. मगरैया, खिलाड़ी योगेंद्र सिंह भदौरिया, आर्टिस्ट अंशुमन सोनी, रक्तदाता धीरू तोमर, वरिष्ठ पत्रकार विकास पांडे, राकेश शुक्ला, फोटोग्राफर परमेश बाथम, विशेष सम्मान बबीता कठेरिया थाना प्रभारी रेलवे, डॉ. कृष्ण गोपाल राजोरिया एवं अनिल आहूजा का शॉल, श्रीफल, एवं स्मृति चिन्ह, एवं प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक प्रेम बरोनिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. राकेश रायजादा, मोहन वादबानी, राकेश कुशवाहा, संतोष सिंह, देवीराम वर्मा, अशोक डाबरिया, रवि श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भाविप सहयोग शाखा ने बहोड़ापुर तिराहे पर किया राष्ट्रगान



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

भारत विकास परिषद सहयोग शाखा ग्वालियर के संस्थापक एवं भारत विकास परिषद् मध्य प्रांत के प्रांतीय मीडिया प्रमुख अशोक गर्ग ने बताया कि ग्वालियर के बहोड़ापुर तिराहे पर नियमित राष्ट्रगान की श्रृंखला में गणतंत्र दिवस रविवार को स्वच्छ भारत का रखें ध्यान, बस 1 मिनट रुकें राष्ट्र के नाम राष्ट्रगान 699वें दिन ठीक प्रातः 8.15 पर के धूमधाम के मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विशिष्ट अतिथि भारत विकास परिषद् के क्षेत्रीय महासचिव सुधीर अध्यक्ष, प्रांतीय पदाधिकारी अनामिका अग्रवाल, महिला सहभागिता प्रमुख मेघना सिंघल, सुधा गुप्ता द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता के चित्र और राष्ट्रीय ध्वज पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रगान गाया। मीडिया से आलोक सक्सेना एवं विनोद गुप्ता का शॉल, दुपट्टा और मोती की माला से सम्मानित कर राष्ट्रगान परिवार के सभी साथियों का भी अतिथियों द्वारा माल्यार्पण से स्वागत किया गया। स्वल्पाहार में पोहा और गजक वितरण की गई। साथ ही सभी गणमान्य अतिथियों, पदाधिकारियों एवं साथियों ने भी आनंद लिया।

## उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए रेलवे कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




उत्तर मध्य रेलवे, झांसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने संरक्षा दृष्टि से उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 रेलवे कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। यह सम्मान उन कर्मचारियों को दिया गया, जिन्होंने अपनी सेवा के दौरान सतर्कता, कुशलता और समर्पण का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रत्येक चयनित कर्मचारी को नगद पुरस्कार सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। संरक्षा पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में अजय जिरोनिया लोको पायलट, करन कुमार सहा. लोको पायलट, दीपक शर्मा लोको पायलट, रविकांत सहा. लोको पायलट, राकेश कुमार ट्रेकमैन, श्री रामबाबू ट्रेकमैन, मो. इमरान खान लोको पायलट, प्रियम श्रीवास्तव सहा. लोको पायलट तथा पवन कुमार सिंह ट्रेकमैन शामिल हैं। मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में संरक्षा को रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों को इसी तरह सतर्कता और समर्पण के साथ कार्य करते रहना चाहिए। इस पुरस्कार वितरण समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) पीपी शर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय आशुतोष चौरसिया, वरि. मंडल संरक्षा अधिकारी गिरीश कंचन, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन) शिवम् श्रीवास्तव एवं मंडल के समस्त अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन ने किया राजौरिया का स्वागत

**ग्वालियर।** ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन के बैनर तले भगवान परशुराम के मंदिर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया का स्वागत मुरार ब्राह्मण महिला सभा के अध्यक्ष एवं सकल ब्राह्मण महासमिति की उपाध्यक्ष श्रीमती कांता शर्मा ने किया। इस अवसर पर महेश मुद्गल रामबाबू कटारे, शशिकांत दीक्षित, नरेश कटारे, डॉ. अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट, भूपेंद्र शर्मा महलगांव, केपी अरजरिया, केडी सोनकिया, राजीव पस्तोर, महेश भार्गव, विजय कब्जू, कल्ली पंडित, विजय शर्मा, जितेंद्र राजोरिया भगवान दास शर्मा सहित अनेक समाजों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं श्रीमती इंदु शर्मा, भगवान दास शर्मा, सकल ब्राह्मण समिति की संयुक्त अध्यक्ष सुधा दीक्षित, ममता शर्मा, रूबी शर्मा, रजनी मिश्रा, रश्मि शर्मा, हेमलता राव, प्रियंका शर्मा सहित अनेक महिला पदाधिकारी भी मौजूद थीं।



## एमआईटीएस में गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एमआईटीएस) सम विश्वविद्यालय में 76 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजवंदन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न हुआ। विश्व विधालय के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मौर्य ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि एमआईटीएस सम विश्वविद्यालय परिसर के स्टेज ग्राउंड में आयोजित इस समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पूर्व आई.ए.एस. प्रशांत मेहता, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल एवं एमआईटीएस सम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरके पंडित द्वारा ध्वज वंदन कर एनसीसी प्लाटून की मौजूदगी में तिरंगे को सलामी दी गई। तदोपरांत एमआईटीएस म्यूजिक क्लब बंदिश द्वारा देश भक्ति के भाव से भरपूर संगीत विधाओं का प्रदर्शन किया गया। डांस क्लब द्वारा विभिन्न मनोरम नृत्य प्रस्तुतियां दी गई एवं साहित्य को समावेशित करते हुए हिन्दी समिति एम आई टी एस द्वारा काव्यपाठ प्रस्तुत किए गए। अगली कड़ी में पुरस्कार वितरण के दौरान स्मार्ट इंडिया हैकथन 2024 के विजेताओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया गया। गौरतलब है कि कार्यक्रम में एमआईटीएस सम विश्वविद्यालय की डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी डॉ. मंजरी पंडित जी, रजिस्ट्रार डॉ. प्रतेश जायसवाल, डीन पब्लिक रिलेशन, डॉ. मनीष दीक्षित, डीन स्टूडेंट एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. आरएस जादौन, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मनीष सागर, पूर्व शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ, पूर्व छात्रगण, समस्त अधिष्ठातगण, विभिन्न विषयों के प्राध्यापक गण एवं बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कायस्थ महापंचायत का संक्रांति व युवक युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




कायस्थ महापंचायत ग्रेटर ग्वालियर का मकर संक्रांति मिलन समारोह एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन शहर के प्रसिद्ध मन्दिर पऊआ वाली माता मन्दिर परिसर में स्वागत, सम्मान व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का श्री गणेश भगवान् चित्रगुप्त की सामूहिक आरती के साथ किया गया। तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों सी.एम.एच.ओ. सचिन श्रीवास्तव, अशोक निगम, उमाशंकर कुलश्रेष्ठ, रामसेवक श्रीवास्तव, अवधेश श्रीवास्तव, मुन्नालाल गोयल, टी.एस. सक्सेना आदि का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। जानकारी देते हुए कायस्थ महा पंचायत ग्रेटर ग्वालियर के प्रचार-प्रसार व्यवस्थापक राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि, महा पंचायत द्वारा इस सुअवसर पर कार्यक्रम में पधारे आलोक जैन, पवन चाल ट्वेंटी फोर के पवन शर्मा, दैनिक सत्ता सुधार एवं नगर चिंगारी के संपादक श्याम श्रीवास्तव, राजकिशोर श्रीवास्तव, प्रचार-प्रसार व्यवस्थापक राकेश श्रीवास्तव, महिला विंग की अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिन श्रीवास्तव के हाथों शॉल श्रीफल भगवान चित्रगुप्त जी की तस्वीर मोमेंटो भेंट कर व पुष्पहार पहनाकर सम्मान एवं स्वागत कराया गया। महा पंचायत के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, महासचिव सतीश श्रीवास्तव, सहसचिव डॉक्टर जितेन्द्र सक्सेना, हरीबाबू श्रीवास्तव, राजेश्वर राव, विजय कृष्ण योगी, नीरज श्रीवास्तव, योगेश पिंटू श्रीवास्तव, मनीष कुलश्रेष्ठ, प्रकाश भटनागर, श्याम मोहन श्रीवास्तव, डी. पी. निगम, आशीष श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव के साथ ही महिला विंग की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, सुजाता सक्सेना, श्रद्धा भटनागर, पूजा श्रीवास्तव आदि ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आए समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया।

### ऊर्जा मंत्री की पहल पर चलित दंत चिकित्सालय में हुआ 75 रोगियों का निःशुल्क इलाज

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा ग्वालियर 15 विधानसभा में जन सेवा में समर्पित और जनकल्याण समिति के सौजन्य से संचालित दंत चिकित्सा वाहन के जरिए सोमवार को कांच मिल बड़ा गेट क्षेत्र में 75 दंत रोगियों को निःशुल्क दंत चिकित्सा प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की पहल पर उप नगर ग्वालियर के रहवासियों को उनके आवास के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से चलित दंत चिकित्सालय संचालित की जा रही है। इसके जरिए प्रतिदिन उप नगर ग्वालियर के अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### कस्तूरबा गांधी विश्रांति भवन में किया झंडावंदन

**ग्वालियर।** कस्तूरबा गांधी विश्रांति भवन न्यास में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडावंदन किया गया जिसमें भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रगान किया गया। चौराहे पर मां कस्तूरबा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आए प्रवीण भारद्वाज, अनिल कुमार दुबे उपायुक्त नगर निगम, विनोद भारद्वाज रिटायर्ड मजिस्ट्रेट, यशवर्धन जैन, नवल किशोर शुक्ला प्रांत संपर्क प्रमुख जगदीश प्रसाद शर्मा प्रबंध न्यासी कस्तूरबा न्यास, श्रीमती मीना सचान न्यासी, पीडी अग्रवाल, विमल कुमार आर्य, श्रीमती अंजू भदौरिया, सदस्य बाल कल्याण समिति पीपी चौबे, अध्यक्ष मातृछाया दिनेश कुमार तिवारी, प्रबंधक कस्तूरबा न्यास भागीरथ कुशवाहा, श्रीमती दिव्या शर्मा, श्रीमती प्रियंका तांबेकर उपस्थित रहे।




### बजरंग भक्त मंडल ने सेवा कर मनाया गणतंत्र दिवस

**ग्वालियर।** बजरंग भक्त मंडल (पंजी.) द्वारा गौसेवा एवं मानव सेवा कर गणतंत्र दिवस पर्व मनाया गया। बजरंग भक्त मंडल के संस्थापक एवं अध्यक्ष आशीष मंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनकताल स्थित गौशाला में 650 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा एवं नारायण वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को स्वल्पाहार सेवा कर राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया गया। मंडल द्वारा निरंतर गौसेवा के क्षेत्र में कार्य करने एवं महिलाओं के क्षेत्र में कार्य करने के लिए कश्यप वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्षा रूबी सिंह को जिला प्रशासन से जिलाधीश एवं प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट द्वारा एसएएफ मैदान पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बजरंग भक्त मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल, कश्यप वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्षा रूबी सिंह, बजरंग भक्त मंडल के सचिव राकेश मंगल, उपाध्यक्ष अमन गर्ग, नमन अवस्थी, रामकिशोर मंगल, हरीश अग्रवाल, संजीव गुप्ता, राजीव जादौन, सुशील कुशवाह, विशाल शर्मा, पुनेश पाल, तन्मय अग्रवाल, अभिषेक शर्मा उपस्थित थे।



### भिंड में बनी मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी पेंटिंग

**ग्वालियर।** भिंड में बनी भारत की सबसे बड़ी 5400 वर्गफुट की 21 परमवीर चक्र विजेताओं की रंगोली के बारे में जानकारी दी। यह कार्यक्रम अश्वनी सिंह भदौरिया के द्वारा ऑर्गेनाइज किया गया। जिसमें मुख्य कलाकार भूपेंद्र चौहान, रविकांत, आर्टिस्ट बेताल केन, प्रशांत कुशवाहा के साथ अन्य 35 राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने मिलकर इस रंगोली को संपन्न किया। ग्वालियर रंगोली आर्टिस्ट बेताल केन ग्वालियर जिसमें कालाकार शामिल थे। अश्वनी सिंह भदौरिया (आयोजक) बालकिशन बोहरे (मॉडरेटर), राजकुमार चौहान, राधा कुशवाह, रितिका सुमन, हर्ष सिंह भदौरिया, सूर्या भदौरिया, खुशी कुशवाह, विशाल तिवारी, शिवम शर्मा, अदिति सिंह, भूपेंद्र सिंह चौहान, रविकांत गोयल, पूनम कुमारी, रेहान खान, प्रशांत कुशवाह, शिक्षा शिवहरे, सचिन नामदेव, साक्षी शर्मा, अक्षित पाल, खुशबू बगुल्या, सुहावना गौर, वैष्णवी गर्ग, ओम गर्ग, रुखसार अंसारी, प्रिया कुशवाह, प्रतीक्षा ओझा, राहुल शिवहरे, बलवीर सिंह, मनीषा प्रजापति, कार्तिक तिवारी, अंशिका दीक्षित, पूजा बघेल, अभिषेक, अंजली पंडोरिया, अंशुमन आदि कलाकार ने भूमिका निभाई व 60 घटे में रिकॉर्ड बनाया।



### भाविप ने अनाथ आश्रम पर खाद्यान्न सामग्री पहुंचाई

**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद शाखा समर्पण एवं शाखा सहयोग के संयुक्त तत्वाधान में मां कैलादेवी बालिका अनाथ आश्रम (जयारोग्य अस्पताल कैम्पस) में पर्यावरण संरक्षण स्वर्गीय प्रदीप लक्षणे की दूसरी पुण्यतिथि पर उनके पुत्र आकाश लक्षणे ने खाद्यान्न सामग्री (दाल चावल आटा बेसन शक्कर चायपती नमक व मसाले), महेश धीमान द्वारा फल एवं शाखा सहयोग के अध्यक्ष राजकुमार गर्ग फतेह बाबा, रविकुमार गर्ग द्वारा आटे का कट्टा, बच्चों के लिए दूध एवं बिस्कुट के पैकेट की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष सहयोग शाखा राजकुमार गर्ग फतेह बाबा एवं आभार अध्यक्ष समर्पण शाखा गुलाब प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय महिला सहभागिता प्रमुख श्रीमती मेंधना सिंघल समर्पण शाखा के संस्थापक संजय धवन विशेष रुप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर शाखा समर्पण से अध्यक्ष गुलाब सिंह प्रजापति, सचिव पंकज शर्मा, कोषाध्यक्ष महेश धीमान, संस्थापक संजय धवन, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, मोहनलाल जैन, दिनेश अग्रवाल (रक्तदान), रवि कुमार गर्ग आश्रम संचालक, रिया तिवारी, रीतू शर्मा, व्यवस्थापक आरती बाथम, श्रीमती भटनागर आदि उपस्थित थे।



### कैंसर अस्पताल में किया भोजन वितरण

**ग्वालियर।** मां अन्नपूर्णा भोजन सेवा समिति एवं भा.वि.प.सहयोग शाखा द्वारा गणतंत्र दिवस पर कैंसर अस्पताल परिसर धर्मशाला में सामूहिक झंडा वंदन एवं भोजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। भारत विकास परिषद सहयोग शाखा ग्वालियर के अध्यक्ष राजकुमार गर्ग फतेह बाबा के अनुसार गणतंत्र दिवस पर क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव अनूप अग्रवाल एवं शाखा सलाहकार आनंद अग्रवाल रंग वालों की उपस्थिति में झंडावंदन के साथ सामूहिक राष्ट्रगान का वाचन किया गया एवं दिनेश अग्रवाल रक्तदान एवं रामनाथ अग्रवाल के विशेष सहयोग से शाम को ठीक 5.30 बजे कैंसर अस्पताल स्थित धर्मशाला पर सभी ने भोजन का आनंद लिया और सभी के द्वारा अस्पताल कैंपस में उपस्थित मरीजों अटेंडरों को धर्मशाला प्रांगण में बैठाकर भोजन कराया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान उपरांत मीडिया से आलोक सक्सेना एवं विनोद गुप्ता का विशेष सहयोग के लिए दोनों का सम्मान किया गया।



### सेवार्थ जनकल्याण समिति ने मनाया गणतंत्र दिवस

**ग्वालियर।** सेवार्थ जन कल्याण समिति द्वारा संचालित सभी सत्रह केंद्रों पर गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने भाषण, नृत्य, नाटक और गायन के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देकर इस राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया। समाज के विभिन्न वर्गों के लोग, सेना, पुलिस, शिक्षा समाज सेवा इत्यादि विविध घटकों के समाजसेवी उपस्थित थे। वार्ड 29 में संचालित राजीव आवास योजना केंद्र पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मुन्नीलाल शर्मा तथा कैप्टन राजेश शर्मा, सुमित सक्सेना, मोनी बाबा आश्रम पर संचालित केंद्र पर समाजसेविका जान्हवी रोहिरा तथा गजेंद्रा अरोरा एवं संरक्षिका पाठशाला श्रीमती शकुन वैश्य ने ध्वज फहराकर बच्चों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। सिकंदर कंपू केंद्र पर सहायक सेनानी राजेंद्र गुप्ता, दीनदयाल नगर केंद्र पर सेवानिवृत प्राचार्य शिव वीर सिंह चौहान, लाल टिपारा केंद्र पर कैप्टन भगवत सिंह इत्यादि सभी अतिथियों ने बच्चों को गणतंत्र का अर्थ और उसके वर्तमान में सशक्तिकरण हेतु किए जाने वाले अपेक्षित कार्यों पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर पाठशाला समूह के अध्यक्ष ओमप्रकाश दीक्षित, सचिव मनोज पांडे, पवन दीक्षित, राकेश कुमार पांडे, जे.पी.नामदेव, उपाध्यक्ष राम सुदेश राठौर तथा बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।



# दून पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस



## संविधान के अनुरूप आचरण करें: डॉ. खुशी खान

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

देश को कायदे-कानून के साथ चलाने के लिए 26 जनवरी 1950 को संविधान अंगीकार कर गणतंत्र लागू हो गया था आज गणतंत्र दिवस समारोह में दून पब्लिक स्कूल खेल परिसर शिवपुरी में भव्य आयोजन को संबोधित करते हुए डायरेक्टर खुशी खान ने छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को संविधान के पालन एवं उसके अनुरूप आचरण करने की बात की तथा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

आयोजन में टैगोर हाउस,रमन हाउस,मिल्खा हाउस एवं गांधी हाउस के बच्चों ने आकर्षक मार्च पास्ट कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

**हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम: देश भक्तिमय हुआ माहौल:** प्री प्रायमरी के बच्चे फौजी बनकर एक बड़े समूह में नजर आ रहे थे। ये बच्चें बड़े होकर कमांडेंट,सैनिक,फौजी बनना चाहते है। इन बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर थिरकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

दून स्कूल के सीनियर छात्रों ने राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए प्रभावी गीत-नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। आरंभ में डायरेक्टर डॉ. खुशी खान एवं प्राचार्य अभिषेक शर्मा ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात् अखलाक खान ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। दून स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान ने छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए सम्मानित किया तथा आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले स्टाफ, उपस्थित जन समूह का आभार व्यक्त किया।

# प्रभारी मंत्री ने किया शिवपुरी के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण और शहर वासियों की सुनीं समस्याएं

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

ऊर्जा मंत्री और शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कन्या शिक्षा परिसर में छात्राओं के साथ विशेष भोज किया और छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इसके बाद प्रभारी मंत्री शिवपुरी शहर के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न बस्तियों में लोगों की समस्याएं सुनी। बुजुर्गों से वृद्धावस्था पेंशन, बच्चों से स्कूल की पढ़ाई, आंगनबाड़ी आदि में व्यवस्था के बारे में पूछा। निरीक्षण के दौरान कई बस्तियों में बिजली और पानी की समस्या से भी अवगत कराया। भ्रमण के दौरान उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को



तत्काल निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने सईसपुरा कॉलोनी का निरीक्षण किया, जहां 90 वर्षीय वृद्ध छन्नीभाई और सावित्री खटीक से वृद्धावस्था पेंशन के बारे में पूछा। इसके अलावा जन्म प्रमाण पत्र लाइट, पानी आदि सुविधाओं के बारे में कॉलोनी वासियों से चर्चा की। दुकानदारों को दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने की समझाइश दी। उन्होंने लोगों से भी कहा कि सभी समय पर बिल जमा करें और अवैध तरीके से विद्युत हीटर ना जलाएं। प्रभारी मंत्री ने इसके बाद संजय कॉलोनी, वार्ड 32 और वार्ड 34 का औचक निरीक्षण किया। वार्ड वासियों की समस्याएं सुनी। विभिन्न योजनाओं से मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी ली और जहां कहीं बिजली, पानी, साफ सफाई और जल निकासी की समस्या थी मौके पर नगर पालिका और विद्युत विभाग की टीम को निर्देश दिए। शिवपुरी भ्रमण के दौरान प्रभारी मंत्री शिवपुरी शहर में कई परिवारों से मिलने पहुंचे जिनके परिजनों का हाल ही में देहांत हुआ, वहां पहुंचकर उन्होंने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

# पीएम आवास योजना के तहत दूसरे चरण के लिए सर्वे शुरू



सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी 5 वर्ष के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर, सचिव, रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए जिले की जनपदों एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों, कर्मचारियों को नामांकित सर्वेयर बनाया गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने बताया कि जिले में 18 हजार नए आवास स्वीकृत हुए हैं। प्रत्येक पात्र परिवार को आवास उपलब्ध कराने का उद्देश्य है जो परिवार शेष हैं उनके भी नाम जोड़े जाएंगे। इसके लिए सर्वे किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 01 अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई है जिसके अंतर्गत सभी पात्र परिवारों को बुनियादी सुविधायुक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### भाजपा युवा नेता ने विधायक पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

# पिछोर विधायक प्रीतम लोधी बोले- पहले ही पार्टी से निष्कासित कर दिया गया



सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

शिवपुरी की पिछोर विधानसभा में बीजेपी की आंतरिक कलह सामने आई है। भाजपा युवा मोर्चा खनियांधाना के मंडल उपाध्यक्ष रोहित कोली ने विधायक प्रीतम लोधी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। कोली ने एक वीडियो जारी कर कहा कि लोधी ने पिछोर को जिला बनाने का वादा करके चुनाव जीता था, लेकिन अब वह इस वादे को भूल गए हैं।

रोहित कोली के अनुसार क्षेत्र के हर विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि जो काम पहले 5,000 रुपए में होता था, उसके लिए अब लोगों को 50,000 रुपए तक चुकाने पड़ रहे हैं। इन आरोपों पर विधायक प्रीतम लोधी ने पलटवार करते हुए कहा कि रोहित कोली को पहले ही पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है और वह बदले की भावना से झूठे आरोप लगा रहे हैं।

### मंडल उपाध्यक्ष ने कहा- झूठे मामलों में फंसाने की धमकियां दी जा रही

विधायक लोधी ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उन्होंने क्षेत्र में जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी हैं, जिससे आम लोगों को लाभ मिल रहा है। वहीं, रोहित कोली ने आरोप लगाया है कि उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने सभी विभागों में हो रहे कार्यों की जांच कराने की बात कही है।

# देरी से मिला राशन, ग्रामीणों का हंगामा:शिवपुरी के खतौरा गांव में भीड़ को काबू करने पुलिस बुलानी पड़ी

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी



मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में राशन वितरण को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। बदरवास जनपद के खतौरा गांव में देरी से राशन मिलने से नाराज ग्रामीणों ने राशन की दुकान में हड़कंप मचा दिया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि पुलिस को बुलाना पड़ा। ग्रामीणों को राशन दुकान खुलने की सूचना मिली, बड़ी संख्या में लोग राशन लेने पहुंच गए। लंबे समय से राशन न मिलने के कारण भीड़ अनियंत्रित हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान के सेल्समैन हरवेंद्र यादव जानबूझकर राशन वितरण में देरी कर रहे थे।

**पिछले तीन महीने से राशन नहीं मिला**

स्थानीय लोगों के मुताबिक, कई गरीब परिवारों को पिछले तीन महीने से राशन नहीं मिला है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात बिगड़ते देख इंदार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। वहीं, सेल्समैन हरवेंद्र यादव का कहना है कि इस बार राशन वितरण में कुछ दिनों की देरी हुई थी, जिसके कारण भीड़ एकत्र हो गई।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग राशन की दुकान पर जमा दिखाई दे रहे हैं। प्रशासन से मांग की जा रही है कि राशन वितरण व्यवस्था को सुचारू किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।

# गणतंत्र दिवस की संध्या पर हुआ भारत पर्व का आयोजन

**शिवपुरी।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर प्रतिवर्ष भारत पर्व का आयोजन किया जाता है। स्वराज संस्थान, संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के समन्वय से यह सांस्कृतिक आयोजन होता है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय क्रमांक 1 में किया गया, जिसमें गुना के कबीर गायन कलाकार अशोक कुमार कोरी और सागर के प्रदीप कुर्मी ने प्रसिद्ध बुंदेली लोकगीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने लोकगीतों से समा बांधा। इस अवसर पर कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, स्कूल के प्राचार्य विवेक श्रीवास्तव सहित स्कूल का स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने भी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। दीप प्रज्वलित कर भारत पर्व आयोजन की शुरुआत हुई। सभी कलाकारों का शॉल, श्रीफल और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

जरूरी सूचना

शिवपुरी जिले में पिछोर, खनियाधाना, कोलारस, बदरवास, पोहरी, बैराड़, करेरा, नरवर, रन्नौद, लुकवासा में सत्ता सुधार की एजेंसी एवं रिपोर्टरों की नियुक्ति करना है।

संपर्क करें : दीपक अरोरा
मोबाइल नंबर: +918959194646

# मां-बेटे से मारपीट, पिटाई का वीडियो आया सामने:गांधी पार्क स्थित सब्जी मंडी की घटना; पीड़िता बोली- दुकान पर कब्जा करना चाहते हैं

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

गांधी पार्क स्थित सब्जी मंडी में एक महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। रविवार सुबह की इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार रामो कुशवाह और उनका बेटा मोंटी कुशवाह सब्जी मंडी में अपनी दुकान लगा रहे थे। इसी दौरान कल्लू लोधी और पवन लोधी ने मोंटी के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब मां ने बेटे को बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

### दुकान पर कब्जा करना चाहते हैं

पीड़िता का आरोप है कि दोनों आरोपी उनकी दुकान पर कब्जा



करना चाहते हैं और मंडी के बाहर सब्जी बेचने वालों से अवैध वसूली भी करते हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# माधव नेशनल पार्क में अनुभूति कार्यक्रम में पहुंचे स्टूडेंट्स

## वन विभाग के अधिकारियों ने सिखाया जंगल का महत्व

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

मध्य प्रदेश की ईको पर्यटन विकास बोर्ड और वन विभाग ने माधव राष्ट्रीय उद्यान में %अनुभूति कार्यक्रम 2024-25% का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को प्रकृति, वन्य जीवन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कन्या उमावि आदर्श नगर और मझेरा के छात्रों को जंगल भ्रमण का अवसर मिला, जहां उन्होंने जैव विविधता और वनस्पतियों को करीब से देखा। रेंजर गोपाल सिंह ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की महत्ता



समझाई। डिप्टी रेंजर बाबूलाल नरवरिया ने बच्चों को जंगल की संरचना और वन्य जीवों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। भ्रमण के दौरान बच्चों ने सख्या सागर झील की दयनीय स्थिति देखी और चिंता जताई कि इस कारण शिवपुरी का रामसर साइट का दर्जा खतरे में पड़ सकता है।

सीएफ श्रीवास्तव ने बच्चों को बताया कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने वन्य जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा करें। उन्होंने कहा वनों और जंगली जीवन का संरक्षण हम सभी के लिए आवश्यक है क्योंकि यह न केवल हमारे पर्यावरण के लिए बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए भी महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों से जॉर्ज कैसल बाकड़े कोठी के बारे में भी सवाल पूछा गया। बच्चों ने इसका सही उत्तर दिया कि इस ऐतिहासिक इमारत का आर्किटेक्ट डिजाइन सरदार बाकड़े द्वारा तैयार किया गया थाए इसलिए इसे बाकड़े कोठी के नाम से जाना जाता है।

दैनिक सत्ता सुधार

विज्ञापन, एजेंसी, समाचार के लिए संपर्क करें

दीपक अरोरा, ब्यूरोचीफ शिवपुरी
मो. 8959194646

कपिल उपाध्याय, जिला संवाददाता
मो. 9893099934

# दिल्ली में इस बार जनता के लिए घोषणापत्र नहीं, लॉटरी पेश कर रहे हैं राजनीतिक दल

इस समय दिल्ली में सेल चल रही है। वैसे अक्सर सेल में 50 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की छूट दी जाती है लेकिन दिल्ली में चुनावी मौसम में चल रही सेल में 100 प्रतिशत की छूट है। यानि सब कुछ मुफ्त। सब कुछ मुफ्त देने से सरकारी खजाने को कितना नुकसान होगा इसकी परवाह किसी को नहीं है क्योंकि हर पार्टी विधानसभा में अपनी सीटें किसी भी कीमत पर बढ़ाने का प्रयास कर रही है। सब कुछ मुफ्त देने से दिल्ली में महंगाई का आलम क्या होगा यह सोचे बिना राजनीतिक दल गारंटियों पर गारंटियों की घोषणा किये जा रहे हैं। सब कुछ मुफ्त देने से लोगों का सशक्तिकरण होने की बजाय उनके निठल्ले बनने की संभावनाएं ज्यादा हैं लेकिन फिर भी सब कुछ फ्री देने की होड़ में राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे से आगे निकली जा रही हैं। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे ज्यादा है उसके बावजूद यहां के लोगों को फ्री में सुविधाएं हासिल करने की आदत लगा दी गयी है। सरकारी खजाने को लूटो और लुटाओ की नीति के चलते दिल्ली का राजस्व नुकसान हुआ, भ्रष्टाचार के अवसर बढ़े, दिल्ली का बजट घाटा बढ़ा लेकिन किसी को कोई परवाह नहीं है इसीलिए यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि दिल्ली की सत्ता पाने को आतुर पार्टियां एक दो नहीं बल्कि अपने आधा आधा दर्जन घोषणापत्र जारी कर रही हैं। पहले चुनावों में किसी राजनीतिक दल का घोषणापत्र उसकी नीतियों, कार्यक्रमों और समस्याओं से निजात दिलाने की रूपरेखा प्रस्तुत करता था लेकिन आज पार्टियों का घोषणापत्र उनकी सत्ता लोलुपता को प्रदर्शित कर रहा है। देखा जाये तो यह घोषणापत्र नहीं बल्कि लॉटरी पेश करने जैसा है। दिल्ली में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी की ही बात कर लें तो बिजली और पानी फ्री देने की राजनीति शुरू करने वाली इस पार्टी ने पैकेज के रूप में बिजली और पानी के साथ मौत भी फ्री ही रखी है क्योंकि इस पार्टी के राज में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के चलते हर उम्र के लोगों को तमाम तरह की बीमारियां हो गयी हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जन लोकपाल लाने का वादा किया था लेकिन भ्रष्टाचार के नये रिकॉर्ड बना दिये, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में शिक्षा क्रांति लाने का ढोल पीटा जबकि असल में एक बोतल पर दूसरी बोतल फ्री देकर दारू क्रांति लाई गयी। आम आदमी पार्टी ने सादगी और शुचिता की बात की थी लेकिन उसके नेता शीश महल में रहे और सुरक्षा का बड़ा अमला तथा अन्य सुख सुविधाओं को भोगते रहे। अब ''केजरीवाल की गारंटी'' शीर्षक से पार्टी का जो घोषणापत्र जारी किया गया है वह भी खजाने को लुटाने का छलावा दिखा कर मतदाताओं के मत लूटने का प्रयास लगता है। हम आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में 15 गारंटी का जिक्र है, जिसमें केजरीवाल ने अपनी पहली गारंटी के रूप में दिल्ली के निवासियों के लिए रोजगार सृजन के ''ठोस'' कदम का वादा किया है। बहरहाल, देखा जाये तो मुफ्त सुविधाएं केवल अल्पकालिक राहत प्रदान करती हैं। जबकि लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल सिखाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। साथ ही मतदाताओं को इन लाभों की कीमत के बारे में पता होना चाहिए जो अंततः जनता की जेब से ही आती है। यहां तक कि निर्धनतम व्यक्ति भी अप्रत्यक्ष रूप से टैक्स दे रहा है। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ऐसी योजनाएं महिलाओं को स्वतंत्र नागरिक के रूप में पहचान देती हैं, लेकिन वे अक्सर महिलाओं को केवल लाभार्थी के रूप में सीमित कर देती हैं।



डॉ. श्रीगोपाल नारसन

# नगर निगमों में कांग्रेस की हार के पीछे बूथ स्तर पर तैयारी न होना प्रमुख कारण रहा!

**उत्तराखंड के 11 नगर निगमों में भाजपा के 10 मेयर बन गए है, जबकि सीट पर निर्दलीय कामयाब रहा है।जिनमे अल्मोड़ा में भाजपा के अजय वर्मा, हल्द्वानी से भाजपा के गजराज बिष्ट, पिथौरागढ़ में भाजपा की कल्पना देवलाल ,देहरादून में भाजपा के सौरव थपलियाल, कोटद्वार में भाजपा के शैलेंद्र सिंह रावत ,रुद्रपुर से भाजपा के विकास शर्मा**

नगर निगमो में कांग्रेस की हार के पीछे बूथ स्तर पर तैयारी न होना प्रमुख है,वही टिकट भी सोच समझकर नही दिए गए।रुड़की में तो 40 पार्षद सीटों में से सिर्फ 22 पर ही कांग्रेस लड़ पाई,मेयर प्रत्याशी पूजा गुप्ता के प्रति लोगो का रुझान बन ही रहा था कि कांग्रेस के सहारनपुर सांसद इमरान मसूद की जनसभा के वीडियो ने कांग्रेस की ओर झुक रहे वोटरों को नाराज़ कर दिया,वही मुस्लिम वोटर भी कांग्रेस व निर्दलीय के बीच बट गए। उत्तराखंड के 11 नगर निगमों में भाजपा के 10 मेयर बन गए है,जबकि सीट पर निर्दलीय कामयाब रहा है।जिनमे अल्मोड़ा में भाजपा के अजय वर्मा,हल्द्वानी से भाजपा के गजराज बिष्ट,पिथौरागढ़ में भाजपा की कल्पना देवलाल ,देहरादून में भाजपा के सौरव थपलियाल,कोटद्वार में भाजपा के शैलेंद्र सिंह रावत ,रुद्रपुर से भाजपा के विकास शर्मा

ऋषिकेश से भाजपा के शंभू पासवान,काशीपुर से भाजपा के दीपक बाली,रुड़की से भाजपा की अनिता देवी अग्रवाल,हरिद्वार से भाजपा की किरण जैसल तथाश्रीनगर में निर्दलीय आरती भंडारी विजयी रहे है।गढ़वाल के पांच जिलों की नगर पालिकाओं में निर्दलीयों का जलवा रहा। 16 नगर पालिका सीटों में से निर्दलीयों ने 8 पर जीत दर्ज की है। वहीं भाजपा पांच और कांग्रेस तीन ही जीत सकी है। नगर पंचायत की चुनावी जंग में भाजपा-कांग्रेस में कड़ा मुकाबला रहा। 21 नगर पंचायत सीटों में से 9 पर भाजपा, 8 पर कांग्रेस और 4 पर निर्दलीयों ने जीत दर्ज की।

चमोली जिले में नगर पालिका की चार सीटों में से दो पर भाजपा और दो पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। जबकि पंचायत की छह सीटों में से चार पर कांग्रेस और दो पर निर्दलीय विजयी रहे। चमोली में कर्णप्रयाग पालिका सीट पर पूर्व विधायक के बेटे गणेश चंद्र शाह ने जीत दर्ज की है।वही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के गृह क्षेत्र पोखरी नगर पंचायत से निर्दलीय सोहनलाल ने जीत दर्ज की है,वहां भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी है। रुद्रप्रयाग नगर पालिका सीट पर भी निर्दलीय ने जीत का परचम लहराया है।पंचायत की चार सीटों में से एक पर निर्दलीय, दो पर भाजपा और एक पर कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है।इसी तरह टिहरी जिले में छह नगर पंचायत और चार नगर पालिका हैं,जिनमें पांच नगर पंचायतों तपोवन, घनसाली, चमियाला, लंबगांव और कीर्तिनगर में भाजपा के उम्मीदवार जीते है,जबकि गजा में निर्दलीय ने जीत दर्ज की है। नगर पालिका नई टिहरी और मुनिकीरेती में भी निर्दलीयों का कब्जा रहा, जबकि चंबा में भाजपा जीत गई है।वही देवप्रयाग में भाजपा पहले ही निर्विरोध जीत चुकी



हैउत्तरकाशी जिले में गंगोत्री नगर पंचायत में चुनाव नहीं होते हैं, यहां प्रशासक रहता है। वहीं नौगांव में भाजपा चुनाव जीत गई है। पौड़ी के सात निकायों में पांच सीटों पर कांग्रेस व निर्दलीयों का दबदबा बना है। जबकि नगर पालिका पौड़ी व दुगड्डा पर निर्दलीय जीते है। सतपुली नगर पंचायत और स्वर्गाश्रम जोंक नगर पंचायत पर कांग्रेस काबिज हुई है। वहीं श्रीनगर के कीर्तिनगर नगर पंचायत में भाजपा और देवप्रयाग नगर पालिका में भी भाजपा की ममता देवी निर्विरोध निर्वाचित हुई है। वही थलीसैंण नगर पंचायत से कांग्रेस जीत गई है। उत्तराखंड राज्य में 11 नगर निगम, 46 नगर पालिका और 43 नगर पंचायतों के साथ ही निगम पार्षद के 540, नगर पालिकाओं में सभासद के 444 और नगर पंचायतों में वार्ड सदस्य के 298 पदों पर चुनाव की मतगणना हुई है। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहा है। मसूरी नगर पालिका चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मीरा सकलानी चुनाव जीत गई है।नगर पंचायत गुप्तकाशी की पहली अध्यक्ष विश्वेशरी देवी बन गई है। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी कुब्जा धर्म्वाण नगर पंचायत ऊखीमठ से विजयी रहे है। उधम सिंहनगर के गूलरभोज नगर पंचायत में निर्दलीय प्रत्याशी सतीश चुग ने 1022 वोटो से जीत दर्ज की है।वही सीमांत जनपद चमोली से भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया है।इस जनपद में चार नगर पालिकाओं समेत 6 नगर पंचायतों में से भारतीय जनता पार्टी सिर्फ दो सीट हासिल कर पाई जबकि कांग्रेस ने 6 और निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी दो सीट हासिल की है। आपदा के जख्मों से उभर रहे ज्योर्तिमठ नगर में चुनाव प्रचार जनसभा और रोड शो करने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद अनिल बलूनी का जादू भी फेल हो गया है। हरिद्वार नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी किरण जैसल ने मेयर पद पर कब्जा कर लिया है।उन्हें 72741 वोट मिले हैं।भाजपा के हाथों कांग्रेस प्रत्याशी अमरेश देवी बालियान को करारी हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा प्रत्याशी किरण जैसल ने कांग्रेस प्रत्याशी अमरेश देवी बालियान को 28555 वोटों से हराया है। जबकि हरिद्वार नगर निगम के पार्षदों में वार्ड नंबर 1 से भाजपा के आकाश भाटी ,वार्ड नंबर 2 से भाजपा की सुनीता देवी ,वार्ड नंबर 3 से भाजपा से सूर्यकांत शर्मा,वार्ड नंबर 4 कांग्रेस के महावीर वशिष्ठ ,वार्ड नंबर 5 से भाजपा से अनिल वशिष्ठ ,वार्ड नंबर 6 से भाजपा से सुमित चौधरी ,वार्ड नं 7 भाजपा से श्रुति खेवरिया ,वार्ड नंबर 8कांग्रेस से हिमांशु गुप्ता ,वार्ड नंबर 9 कांग्रेस से सोहित सेठी ,वार्ड 10 भाजपा से सचिन कुमार ,वार्ड 11 भाजपा से दीपक शर्मा , वार्ड 12 भाजपा से इष्ट देव सोनी ,वार्ड 13 भाजपा से मंजू रावत ,वार्ड 15 कांग्रेस से विकी भूषण ,वार्ड नंबर 16 भाजपा से निशा नौडियाल से,वार्ड नंबर 17 भाजपा से रानी देवी ,वार्ड नंबर 18 भाजपा से ममता नेगी ,वार्ड नंबर 19 भाजपा से मोनिका सैनी,वार्ड नंबर 20 भाजपा से राजेश शर्मा ,वार्ड नंबर 21 भाजपा से पिंकी चौधरी ,वार्ड नंबर 22 भाजपा से सपना शर्मा , वार्ड 23 भाजपा से आशी भारद्वाज ,वार्ड 24 भाजपा से परमजीत गिल ,वार्ड 25 भाजपा से एकता गुप्ता,वार्ड 26 भाजपा से शुभम मंडोला ,वार्ड 27 भाजपा से सुनील अग्रवाल ,वार्ड नंबर 28 भाजपा से मुकुल परासर ,वार्ड नंबर 29 भाजपा से प्रशांत सैनी ,वार्ड नंबर 30 भाजपा से सचिन अग्रवाल , वार्ड नंबर 31 भाजपा से भूपेंद्र कुमार ,वार्ड नंबर 32 भाजपा से अनुज सिंह ,वार्ड नंबर 34 भाजपा से निशा देवी,वार्ड नंबर 36 भाजपा से मोनिका गिहार व वार्ड नंबर 37 में कांग्रेस से नोमान अंसारी जीते है।

# राधा भट्ट : सम्मान से बड़ा प्रेरणादायक व्यक्तित्व

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त राधा भट्ट का नाम गांधी-विनोबा युग के गांधीवादियों में प्रमुखता से शुमार किया जाता है।इस बार उन्हें पद्म श्री सम्मान से सम्मानित किए जाने की घोषणा हुई है। सम्मान से बड़ा राधा भट्ट का कद है। उत्तराखंड के कौसानी क्षेत्र में पहाड़ी महिलाओं को सशक्त बनाने और महिला, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, शराब विरोधी आंदोलन के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके जीवन का सात दशक पहाड़ और पर्यावरण के मुद्दे पर संघर्ष रहा है। उनका संघर्ष उन्हें प्रेरणादायक व्यक्तित्व के अग्रणी श्रेणी लाकर खड़े करती है। यात्राओं के क्रम में सुप्रसिद्ध गांधीवादी राधा भट्ट का सानिध्य मिलना काफी सुखद रहता है। उनसे बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है। वह है जीवन का अनुशासन। असम के कोकराझार से कश्मीर तक की साईकिल यात्रा में मुझे उनके साथ लगातार साथ रहने का अवसर मिला। उन्होने सर्व सेवा संघ, गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया। लक्ष्मी आश्रम कौसानी की अध्यक्ष राधा भट्ट 70 साल से उत्तराखंड के पहाड़ के लिए लड़ रही हैं। 1957 में भूदान आंदोलन के साथ उनकी पदयात्रा शुरू हुई। बालिका शिक्षा, पर्यावरण, जल, जंगल और जमीन की चिंता जागी। ग्राम स्वराज, शराब आंदोलन, युवा महिला सशक्तिरण और सर्वोदय आंदोलनों में उनकी बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी रही है। राधा दीदी ने 18 साल की उम्र में घर छोड़ दिया। उनका जीवन पूरी तरह समाज के लिए समर्पित है। वे वर्तमान में 93 साल की हैं।राधा भट्ट का जन्म 16 अक्तूबर 1933 में कमलापति और रेवती भट्ट के घर हुआ।





कुमार कृष्णन

अल्मोड़ा के पास धुरका गांव में सेना के एक पारंपरिक परिवार में जन्मीं राधा भट्ट को अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा क्योंकि लोग लड़कियों को शिक्षित करने के खिलाफ़ थे। उनके मुताबिक मेरे पिता ने मुझे पाला-पोसा, जिन्होंने प्रचलित रूढ़िवादी मान्यता के खिलाफ़ विद्रोह किया कि चूँकि मैं गलत राशि में पैदा हुई हूँ, इसलिए उन्हें मुझे नहीं देखना चाहिए। उन्होंने मुझे भरपूर प्यार दिया। अपनी माँ के साथ मुझे पहाड़ी महिलाओं की कठिन दिनचर्या का एहसास हुआ, क्योंकि मैं उनके साथ चारा और जलाऊ लकड़ी इकट्ठा करने के लिए दूर-दूर तक जाती थी। उन्होने माध्यमिक शिक्षा पूरी करने के बाद वैवाहिक जीवन की बजाय समाज सेवा को चुना। वह 1951 में सरला बहन के संपर्क में आकर कौसानी आश्रम पहुंचे। वह सरला बहन द्वारा पहाड़ी महिलाओं में शिक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित कस्तूरबा महिला आमंत्रण मंडल में शामिल हुई।उनके मुताबिक , यह मेरे लिए स्वतः ही आकर्षण था क्योंकि सरला पहाड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर, रूमानी और शिक्षित बनना चाहती थीं। मैं उस समय 17 साल की थी और मिशन के लिए काम करने के लिए पूरी ऊर्जा से भरी हुई थी। 1951 में वे 18 साल की उम्र में लक्ष्मी आश्रम कौसानी पहुंच गईं। गरीब घरों की बालिकाओं को पढ़ाना और उन्हें जीवन जीने की कला सीखाने लगीं।वह बालिकाओं में ऐसे रम गईं कि दस साल कब निकल गए। उन्होंने फिर घर की तरफ लौटकर नहीं देखा। सरला भवन की वे अनुयायी बन गईं। 1957 में भू-दान आंदोलन में भाग लिया। उत्तराखंड से पहली पदयात्रा शुरू की। उत्तर प्रदेश और असम में विनोबा भावे के साथ रहीं। 1961 से 1965 तक बंजर गांव, ग्राम स्वराज, शराब विरोधी आंदोलन, वन संरक्षण, युवा महिला सशक्तिकरण, गाय, बकरी चूंगाने वाली किशोरियों के उत्थान और सर्वोदय आदि कामों में व्यस्त रहीं।

इस दौरान बौगाड़ में ग्रामीण नव निर्माण का काम किया । नशाबन्दी, वन, टिहरी बाँध तथा खनन विरोधी आन्दोलनों के बाद नदी बचाओ आन्दोलन में सक्रिय हिस्सेदारी रही। उत्तराखंड के पहाड़ों में 25 बाल मंदिर के जरिए राधा भट्ट ने 15000 बच्चों को फायदा पहुंचाया। इसके साथ ही 1 लाख 60 हजार पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण की मशाल भी जलाई। राधा भट्ट ने उत्तराखण्ड, हिमालय और शेष देश में लगातार यात्राएँ और जनान्दोलनों में शिरकत की। देश और विदेश में गांधी विचार, पर्यावरण, हिमालय, नयी तालीम, तिब्बत और जनान्दोलनों के साथ मानव तथा स्त्री अधिकार पर लगातार बोलती-लिखती रहीं। फिनलैंड डेनमार्क, नार्वे और फिनलैंड में व्यस्क शिक्षा और लोक हाई स्कूल प्रणाली में डिप्लोमा किया। बेरीनाग में स्वराज मंडल की स्थापित की। महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, खादी ग्रामोद्योग की गतिविधियों को बढ़ाया। 1975 सरला बहन के 75 वें जन्मदिन पर पद यात्रा शुरू की। 75 दिनों की लंबी यात्रा में वन संरक्षण, चिपको आंदोलन, शराब का विरोध और ग्राम स्वराज की स्थापना के लिए लोगों को जागरूक किया। 1976 में देवीधूरा ब्लाक से पदयात्रा शुरू की। 65 गांवों में यह यात्रा पहुंची। 40 बालवाड़ी, 30 महिला संगठन, 12 गांव को कृषि के लिए प्रेरित किया। 1980 में खनन के खिलाफ मोर्चा खोला। 2006 से 2010 तक राधा बहन में उत्तराखंड के हिमालय और नदियों का सर्वेक्षण किया। हाईड्रो पावर परियोजनाओं का विरोध किया। नदी में सुरंग बनाने, विस्फोटकों का इस्तेमाल आदि पर लोगों को जागरूक किया।1980 में कोपेहेगन, डेनमार्क में अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन, 1982 में अमेरिका में गांधी विचार, महिला एवं सामाजिक विकास सम्मेलन में भाग लिया। 1984 में सेंट जेवियर्स विश्वविद्यालय कनाडा में विकास और लोगों की पहल कार्यक्रम में भाग लिया।

## राजकाज



### अदालत के फैसले से सबसे बड़ी राहत ममता बनर्जी को

सियालदह कोर्ट ने कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या के मामले में आरोपी को सजा सुना दी है। भाजपा ने इस मामले को बड़ा तूल दिया था। डॉक्टरों ने हड़ताल कर दी थी। जगह-जगह आंदोलन हो रहे थे। हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने जांच की थी। महीनो तक भाजपा ने इसे मुद्दा बनाकर ममता बनर्जी को बुरी तरह से घेरा था।अब न्यायालय का फैसला आ गया है। आरोपी को आजन्म कैद में रहने की सजा सुनाई गई है। इस फैसले से सबसे बड़ी राहत ममता बनर्जी को मिली है। उन्होंने आरोपी को फांसी देने की मांग की है। समय कैसे बदलता है, यह इस घटना से जाना जा सकता है। भाजपा की अब बोलती बंद है, ममता दीदी मुखर हैं।

### दिल्ली मे नहीं चलेगी किसी की दादागिरी

दिल्ली विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। इस बार यह चुनाव चुनावी पंडितों के लिएदिल्ली विधानसभा के चुनाव चुनौती साबित हो रहे हैं। भाजपा अपने पारंपरिक वोटों पर भरोसा कर रही है। पूर्वांचल को लेकर बहुत सारी राजनीति हुई। केजरीवाल को लग रहा है, पूर्वांचल के लोग उन्हें सहयोग करेंगे। कांग्रेस दलित और मुसलमानो के सहारे यह मानकर चल रही है। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस चमत्कार दिखाएगी। पिछले तीन चुनाव में कांग्रेस ने शीला दीक्षित का नाम नहीं लिया था। इस चुनाव में शीला दीक्षित और उनके द्वारा किए गए कार्य एक बार फिर आम जनता को कांग्रेस से जोड़ रहे हैं। केजरीवाल का जादू और उनके आरोपों का असर अब जनता के बीच में नहीं रहा। इसका फायदा कांग्रेस को होता हुआ दिख रहा है। चुनावी पंडित अब कहने लगे हैं, आम आदमी पार्टी की सीटें घटेंगी। कांग्रेस और भाजपा की सीटें बढ़ेगी। दिल्ली में किसी की दादागिरी नहीं चलेगी।

### दिल्ली विधानसभा के चुनाव ने देश भर के गरीबों में जगाई आस

दिल्ली विधानसभा के चुनाव में इस बार भाजपा कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने मतदाताओं के लिए अपने पिटारे से लोक लुभावन वादों की झड़ी लगा दी है। फ्री की रेवड़ी हर राजनीतिक दल बांट रहा है। जो भाजपा विरोध करती थी, वह भी अब देने के लिए सहमत हो गई है। 300 यूनिट बिजली फ्री, 20000 लीटर पानी फ्री, ?500 में गैस का सिलेंडर,महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा,हर महिला को ?2500 प्रतिमाह, बुजुर्गों को मुफ्त इलाज, दिल्ली के पुजारियों को 18000 रुपए प्रतिमाह देने का वायदा तीनों राजनीतिक दलों ने कर दिया है। अन्य प्रदेशों के मतदाताओं में अब यह आस जाग गई है। जब दिल्ली के मतदाताओं को यह सब मिल सकता है। तो अन्य प्रदेशों के मतदाताओं को यह लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। महिलाओं का भी आत्म सम्मान जाग गया है। हर माह नगद राशि पाना उनका अधिकार है। मध्य प्रदेश हरियाणा महाराष्ट्र इत्यादि राज्यों ने महिलाओं का भाग्य खोल दिया है। उन्हें भी अपनी हैसियत समझ आ गई है। कांग्रेस और भाजपा राष्ट्रीय राजनीतिक दल हैं।

## फीचर



# इस प्रकार ठीक होगी भूलने की बीमारी

**अगर आप भी कोई चीज रखकर भूल जाते है तो अपनी सेहत पर ध्यान देना शुरू कर दें। ऐसे फलों और सब्जियों का सेवन करें, जिनसे स्मरण शक्ति तेज हो। आप घरेलू तरीके अपनाकर भी अपने दिमाग को तेज रख सकते है।**

आज कल जीवन की व्यस्तता और भागदौड़ के कारण भूलने की बीमारी बढ़ती जा रही है। कई लोग इससे परेशान हैं। लगातार बने रहने वाले तनाव से ज्यादातर लोगों का दिमाग कमजोर होने लगता है। इस कारण हर बात दिमाग से निकलने लगती है, जिस वजह से हमे दूसरों की नाराजगी का शिकार भी बनना बढ़ता है। अगर आप भी कोई चीज रखकर भूल जाते है तो अपनी सेहत पर ध्यान देना शुरू कर दें। ऐसे फलों और सब्जियों का सेवन करें, जिनसे स्मरण शक्ति तेज हो। आप घरेलू तरीके अपनाकर भी अपने दिमाग को तेज रख सकते है। आइए हम आपको कुछ घरेलू चीजों के उपाय बताएंगे, जिससे स्मरण शक्ति दिनों-दिन तेज होती रहेगी। रोज रात को 10-15 बादाम पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इनके छिलके उतारकर इनका बारीक पेस्ट बना लें। फिर इसमें शहद डालकर उबाल लें। फिर इसे ठंडा करके पिएं। इसका सेवन करने के 2 घंटे बाद कुछ भी ना खाएं। आंवले का इस्तेमाल सदियों के किया जा रहा है। इससे कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर होती है। सुबह खाली पेट आंवले का मुरब्बा खाएं। इससे स्मरण शक्ति बढ़ती है। बात-बात पर फूलने की परेशानी भी दूर हो जाती है। गाय के घी से रात को सोने से सिर की मालिश करें। इससे स्मरण शक्ति तेज होगी। अगर आप अखरोट खाते है तो बहुत ही अच्छा है क्योंकि इनमें दिमाग को तेज रखने वाले गुण मौजूद होते है। 10 ग्राम किशमिश के साथ 20 ग्राम अखरोट खाएं। गाजर और गुलकंद खाने से दिमाग तेज रहता है। दिन में रोज 2-3 बार इन दोनों चीजों का सेवन करें। इससे दिमाग बिल्कुल स्वस्थ रहता है। रात को सोने से पहले उड़द की दाल को भिगोकर रख दें।

## प्रेरणा

# अहंकार त्यागने वाले ही महापुरूष होते हैं

बहुत से लोग दिन-रात प्रयास करते हैं कि उन्हें किसी तरह उच्च पद मिल जाए। खूब सारा पैसा हो और आराम की जिन्दगी जियें। जब ये सब प्राप्त हो जाता है तो इसे ईश्वर की कृपा मानने की बजाय अपनी काबिलियत और धन पर इतराने लगते हैं। जबकि संसार में किसी चीज की कमी नहीं है। अगर आप धन का अभिमान करते हैं तो देखिए आपसे धनवान भी कोई अन्य है। विद्या का अभिमान है तो ढूंढ़कर देखिए आपसे भी विद्वान मिल जाएगा। इसलिए किसी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए। जो लोग अहंकार त्याग देते हैं वही महापुरूष कहलाते हैं। महाभारत में कथा है कि दुर्योधन के उत्तम भोजन के आग्रह को ठुकरा कर भगवान श्री कृष्ण ने महात्मा विदुर के घर साग खाया। भगवान श्री कृष्ण के पास भला किस चीज की कमी थी। अगर उनमें अहंकार होता तो विदुर के घर साग खाने की बजाय दुर्योधन के महल में उत्तम भोजन ग्रहण करते लेकिन श्री कृष्ण ने ऐसा नहीं किया।



भगवान श्री राम ने शबरी के जूठे बेर खाये जबकि लक्ष्मण जी ने जूठे बेर फेंक दिये। यहीं पर राम भगवान की उपाधि प्राप्त कर लेते हैं क्योंकि उनमें भक्त के प्रति अगाध प्रेम है, वह भक्त की भावना को समझते हैं और उसी से तृप्त हो जाते हैं। अहंकार उन्हें नहीं छूता है, वह ऊंच-नीच, जूठा भोजन एवं छप्पन भोग में कोई भेद नहीं करते। शास्त्रों में भगवान का यही स्वभाव और गुण बताया गया है। महात्मा बुद्ध से संबंधित एक कथा है कि एक बार महात्मा बुद्ध किसी गांव में प्रवचन दे रहे थे। एक कृषक को उपदेश सुनने की बड़ी इच्छा हुई लेकिन उसी दिन उसका बैल खो गया था। इसलिए वह महात्मा बुद्ध के चरण छू कर सभा से वापस बैल ढूंढने चला गया। शाम होने पर कृषक बैल ढूंढ़कर वापस लौटा तो देखा कि बुद्ध अब भी सभा को संबोधित कर रहे हैं।

## अपनी बात



पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा आज यहां हमारे बीच 18 मित्र देशों के झकरीब 150 कैडेट्स भी मौजूद हैं, मैं इन सभी कैडेट्स का भी स्वागत करता हूं। गणतंत्र दिवस की परेड में सेलेक्ट होना अपने आप में ही उपलब्धि है। इस बार की परेड इसलिए भी खास थी क्योंकि हमारे गणतंत्र ने 75 साल पूरे किए हैं। 75 वर्षों के गणतंत्र में भारत के संविधान ने हर समय देश को लोकतांत्रिक प्रेरणा दी, नागरिक कर्तव्यों का महत्व समझाया।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के महू में जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली के दौरान भारत में निजीकरण पर निशाना साधा और आम लोगों को होने वाले नुकसान गिनाए। जब आईआईटी और आईआईएम के छात्रों को रोजगार नहीं मिल रहा है तो दूसरों को नौकरी कैसे मिलेगी। उन्होंने पूछा कि लोग निजी अस्पतालों में इलाज कराते हैं और अपने बच्चों को निजी स्कूल-कॉलेजों में भेजते हैं लेकिन इस निजीकरण का मालिक कौन है?

उत्तराखण्ड शासन

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

INDIA

38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड 25 रजत जयंती वर्ष

# संकल्प से शिखर तक

## 38वें राष्ट्रीय खेल, उत्तराखण्ड

28 जनवरी-14 फरवरी, 2025

का



पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

## उद्‌घाटन

### नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के कर-कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**डॉ. मनसुख मांडविया**
मंत्री, खेल, युवा मामले, श्रम एवं रोजगार
भारत सरकार

**ऋतु खंडूड़ी भूषण**
अध्यक्ष,
उत्तराखण्ड विधानसभा

**रक्षा निखिल खडसे**
राज्य मंत्री, युवा मामले एवं खेल, भारत सरकार

**रेखा आर्या**
मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण, उत्तराखण्ड

**डॉ. पी.टी. ऊषा**
अध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ एवं सांसद

**क्रिस जेनकिंस**
अध्यक्ष, राष्ट्रमंडल खेल

28 जनवरी, 2025 | सायं: 4 बजे | महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून



### देवभूमि से खेलभूमि

- देहरादून, ऋषिकेश टिहरी, ऊधमसिंह नगर, हल्द्वानी, हरिद्वार, नई टिहरी, नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन
- देशभर के लगभग 10,000 खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे
- 35 खेलों में प्रतियोगिताएं
- उत्तराखण्ड के लिए खेलों की मेजबानी का ऐतिहासिक अवसर
- युवाओं को प्रेरित करने के लिए खेल संस्कृति को बढ़ावा
- उत्तराखण्ड के खेल परिदृश्य के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर

### आकर्षण

- मौली (मैस्कट): युवा एथलीटों को ऊंचे लक्ष्य की ओर प्रेरित करने वाला उत्तराखण्ड का राज्य पक्षी मोनाल
- तेजस्विनी (मशाल): परंपरा, एकता और खेल भावना का प्रतीक
- पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल, पवनदीप राजन और पांडवास समूह द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

अधिक जानकारी के लिए लॉगइन करें:-
www.38nguk.in

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
DD न्यूज पर देखें।



मौली (मैस्कट)



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# गणतंत्र दिवस पूर्ण गरिमा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## मुख्य समारोह में कलेक्टर ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

जिले में 75 वां राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पूर्ण गरिमा, उमंग, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड पुलिस लाईन अशोकनगर में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तत्पश्चात राष्ट्रगान का गायन हुआ। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि ने पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के साथ परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के गणतंत्र दिवस पर प्रदेश की जनता के नाम प्रसारित संदेश का वाचन किया। समारोह में परेड कमाण्डर शिवमंगल सिंह लोधी एवं टीआईसी. सूबेदार सुश्री आईना साहिबा के नेतृत्व में परेड की टुकड़ियां द्वारा भव्य एवं आकर्षक मार्चपास्ट किया गया।

परेड की टुकड़िया में विशेष सशस्त्र बल 26 वीं बटालियन, जिला पुलिस बल पुरूष,जिला पुलिस बल महिला,होमगार्ड, एनसीसी शासकीय नेहरू महाविद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाइड दल, शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर का स्काउट दल, राव माधव उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय का स्काउट दल, ब्राईट माध्यमिक शाला का स्काउट दल, शौर्य दल,लाड़ली लक्ष्मी क्लब,पुलिस बैंड का दिव्य घोष शामिल हुए। मुख्य अतिथि द्वारा परेड के सभी कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही रंगबिरंगे गुब्बारे खुले गगन में छोड़े गए। परेड की टुकड़ियों द्वारा हर्षफायर कर राष्ट्रपति जी की जय के नारे लगाए गए। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा लोकतंत्र सेनानी श्री कमल सिंह रघुवंशी एडवोकेट को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

**विभागीय योजनाओं पर आधारित झांकियां प्रदर्शित :** गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं को प्रदर्शित करती हुई झांकियां निकाली गई। वन विभाग द्वारा हम हैं बदलाव,सिंगल यूज प्लॉस्टिक की रोकथाम,वनों के संरक्षण एवं संवर्धन,स्वास्थ्य विभाग द्वारा जननी संगिनी,सुरक्षित मातृत्व एवं कलेक्टर के नवाचार पर आधारित,कृषि एवं सहकारिता द्वारा शुद्ध श्रेष्ठ खाद,जैविक खेती,ड्रोन के माध्यम से खेती पर नजर,उद्यानिकी विभाग द्वारा पुष्प एवं सब्जी की खेती,शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा पीएमश्री विद्यालय,आधुनिक शिक्षा,रोजगारन्मुखी शिक्षा,व्यवसायिक शिक्षा,महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओं,लाड़ली बालिकाओं की प्रतियोगिता का नवाचार,जलसंसाधन विभाग द्वारा बैराज सिंचाई योजना स्प्रिंकलर,उन्नत सिंचाई,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन,नल से जल-घर-घर जल,जनजातीय कार्य विभाग द्वारा धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान पीएम जनमन योजना,विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान हेतु संचालित पीएम जनजाति योजना,जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना तथा पीएम जनमन आदर्श ग्राम,नगरपालिका अशोकनगर द्वारा प्लॉस्टिक मुक्त अभियान,पोषण आहार टोकरी तथा स्वच्छ भारत मिशन,हथकरघा एवं उद्योग विभाग द्वारा विश्व विख्यात चंदेरी की साड़ी,पशुपालन विभाग द्वारा स्वास्थ्य से समृद्धि की ओर देशी गाय,राष्ट्रीय पशुधन मिशन तथा बकरी एवं मुर्गी पालन,सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान को प्रदर्शित करती हुई झांकियां निकाली गई।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया पुरूस्कृत :** मुख्य अतिथि द्वारा जिले के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोक सेवकों,खिलाडियो,समाजसेवियों तथा परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परेड में भाग लेने वाली टुकड़ियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर वर्दीधारी ग्रुप में होमगार्ड को प्रथम,जिला महिला पुलिस बल को द्वितीय तथा विशेष सशस्त्र बल को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार गैर वर्दी धारी में शौर्य दल को प्रथम,राव माधव स्कूल स्काउट दल द्वितीय तथा लाड़ली लक्ष्मी क्लब को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। झांकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर वन विभाग को प्रथम,महिला एवं बाल विकास विभाग को द्वितीय,कृषि एवं सहकारिता तथा स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रूप से तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृखंला में प्रथम पुरूस्कार श्री वर्धमान हायर सेकेण्डरी स्कूल अशोकनगर,द्वितीय पुरूस्कार ब्राईट मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल अशोकनगर तथा तृतीय स्थान पर तारासदन हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्रदान किया गया। मुख्य समारोह में प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चन्द्र आर्य,अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, अपर कलेक्टर जी.एस.धुर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह तंवर, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिकगण, अधिकारी,कर्मचारी एवं स्कूल बच्चें उपस्थित थे।

## जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

### मुख्य अतिथि कलेक्टर सिंह ने झंडा वंदन कर परेड की सलामी ली



**सीहोर।** जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस परेड ग्राउंड में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर प्रवीण सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने खुली सुसज्जित जिप्सी में सवार होकर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के साथ परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर मुख्य अतिथि कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान मुक्त आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़ गए। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी परेड कमांडरो से परिचय प्राप्त किया।

जिले में पूरे हषोज़्ल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

समारोह में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा लोकतंत्र तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मध्यप्रदेश गान का गायन हुआ। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कायज़्क्रम प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित झांकियां प्रदशिज़्त की गई। कायज़्क्रम के अंत में परेड, झॉकी एवं सांस्कृतिक कायज़्क्रमों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

**इन्होंने किया परेड दल का प्रतिनिधित्व :** गणतंत्र दिवस परेड में परेड कमांडर अजय भिड़े तथा द्वितीय परेड कमांडर सुनीता बेतवाल ने परेड का नेतृत्व किया। गणतंत्र दिवस समारोह में उप निरीक्षक अमृत कुमार ने विसबल, उप निरीक्षक लोकेश सोलंकी ने पुलिस बल, उप निरीक्षक अपर्णाभट्ट ने जिला पुलिस बल महिला, पीसी आशोक पाटीदार ने होमगार्ड अजय नागोदिया ने एनसीसी सीनियर, कनिका परमार ने एनसीसी गर्ल्ससीनियर, सुमित पटेल ने एनसीसी सीनियर, हरीश वर्माने एनसीसी बालक, ज्योति वर्मा ने एनसीसी बालिका, निशिका नाथ ने एनसीसी बालिका, हर्षिज़्त गौर ने एनसीसी नेवल, दिव्या कौशल ने गाईड, डॉली यादव ने गाइड स्काउट, कुमकुम राठौर ने शौर्य दल की परेड का नेतृत्व किया।

छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति

अनेक शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर आधारित सामूहिक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। समारोह में सेंट मेरी रेसिडेंसियल स्कूल के विद्यार्थियों ने जनजातीय संस्कृति पर आधारित समूह नृत्य, सरस्वती कत्थक कला केंद्र के विद्याथिज़्यों के दल द्वारा समूह नृत्य, शासकीय सीएम राईज मनुबेन उ.मा.वि. के विद्याथिज़्यों द्वारा समूह देशभक्ति नृत्य, होग बोर्डस स्कूल कें दल द्वारा समूह नृत्य, सेंट ?निस स्कूल के दल का समूह देशभक्ति नृत्य, दॉ ऑक्सफोर्ड हॉयर सेकेण्डरी स्कूल के दल द्वारा समूह नृत्य एवं बैण्ड दल द्वारा प्रस्तुति दी गई तथा सेंट ऐंस स्कूल सीहोर के दल द्वारा मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी गई।

**विभागीय उपलब्धियों पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन :** इस दौरान सभी विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित झांकियों का प्रदशज़्न किया गया। आदिम जाति कल्याण विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, जल संसाधन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला पंचायत, उद्यानिकी विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, नगरीय प्रशासन द्वारा विभागीय गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर आधारित झांकी प्रस्तुत की गई। इसके अलावा पुलिस एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा नया भारत नया विधान प्रदर्शनी लगाई गई।

## ब्रीफ न्यूज

### धूम धाम से मनाया गया भारत पर्व एवं आनंद उत्सव



**अशोकनगर।** स्थानीय माधव भवन में गणतंत्र दिवस की संध्या वेला में भारत पर्व एवं आनंद उत्सव अंतर्गत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया भारत पर्व हेतु भोपाल से शैलेंद्र तिवारी की 10 सदस्यीय टीम के द्वारा देशभक्ति पर आधारित बुंदेली गीतों की प्रस्तुति दी गई साथ ही परमानंद केवट की विदिशा से आई हुई टीम के द्वारा ढीमरयाई लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई इसी अवसर पर कवि सम्मेलन हेतु स्थानीय कवियों को भी आमंत्रित किया गया था जिसमें नगर के कवि दूधनाथ मधुकर, जगदीश शर्मा सहज ने देशभक्ति पर कविताएं प्रस्तुत की वही दूसरी ओर अजर अमर अद्वैत तिरंगा एक रहे÷ और ÷ओर नदी के तट के वासी जाग रे÷ नगर के युवा कवि प्रमेन्द्र भार्गव के इन गीतों को सुन श्रोताओं की तालियों से संपूर्ण भवन गूंज उठा इस अवसर पर अपर कलेक्टर मुकेश शर्मा सीएमओ विनोद उन्नीतांन डीईओ नीरज शुक्ला बलवीर बुंदेला सहित नगर पालिका के स्टॉफ सहित आमजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित



**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय अशोक नगर पर राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर जिला प्रशासन के द्वारा अनेकों लोक सेवकों को सम्मानित किया गया द्य इसी क्रम में जनपद शिक्षा केंद्र चंदेरी से प्रकाश राय, ब्लॉक सह समन्वयक, साक्षरता कार्यक्रम को भी जिला स्तरीय मंच से शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया द्य इस सफलता पर श्री राय के मित्रों, सहयोगियों, परिचितों और समाज-सेवियों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है द्य गौरतलब है कि राष्ट्रीय पर्व पर शासकीय सम्मान कर्मचारियों में सकारात्मक और क्रियाशील ऊर्जा का संचार करता है।

### सरपंच ने ध्वजारोहण किया



**अशोकनगर।** शासकीय स्कूल आवरी में सरपंच गंगा विजय बैरागी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर स्कूल के हेड मास्टर केपी यादव एवं पंचायत के समस्त मेंबर आदि उपस्थित रहे। नगर रक्षा समिति अशोकनगर जिला कार्यालय में मुख्य अतिथि विजय बैरागी सरपंच प्रतिनिधि मेंबर आवरी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के समापन पर किया हितलाभ वितरण



**अशोकनगर।** शासन के निर्देश पर 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक चलाए गए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण कार्यक्रम माधव भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उक्त अवधि में हर वार्ड में कैंप लगाए जाकर प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण किया गया। मंच से संबल कार्ड, नो ड्यूज प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस अवसर पर पार्षद महेंद्र भारद्वाज, राजकुमार यादव धर्मेंद्र रघुवंशी विपिन शिवहरे मोनू रघुवंशी, नगर पालिका के योजना प्रभारी अतुल शर्मा राजेश बालू सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस पर बने विशेष मध्यान्ह भोजन से 50 बच्चे फूड प्वाइजनिंग का शिकार



सत्ता सुधार ■ खंडवा

मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के हरसूद विकासखंड मुख्यालय से 11 किमी दूर स्थित कसरावद गांव में गणतंत्र दिवस पर स्कूल में बने विशेष मध्यान्ह भोजन ने हड़कंप मचा दिया। प्राथमिक शाला के करीब 50 बच्चे खीर खाने के बाद फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए।

बच्चों को उल्टियां और बेचैनी की शिकायत होने पर उन्हें तत्काल हरसूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के नेतृत्व में बच्चों का इलाज कर रही है। खंडवा के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्यारसिंह सोलंकी ने बताया कि खीर खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ी। हरसूद एसडीएम पुरुषोत्तम कुमार समेत शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

अब तक कुछ बच्चों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। मामले की जांच जारी है, और प्रशासन यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो। इस घटना ने सरकारी स्कूलों में भोजन की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि बच्चों की जान के साथ ऐसा खिलवाड़ आखिर कब तक चलता रहेगा?



## भारत पर्व के अवसर पर आयोजित हुई विकास प्रदर्शनी

**खण्डवा।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर खण्डवा में स्थानीय किशोर कुमार सभागृह में भारत पर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्रीमती अमृता यादव एवं कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में भोपाल से देशभक्ति गीत के लिए श्री दीपक तिवारी व उनकी टीम और भोपाल से नृत्य नाटिका के लिए सुश्री संघरत्ना बनकर व उनकी टीम ने प्रस्तुति दी, जिसका दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम में अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। इस दौरान स्थानीय कलाकारों ने देशभक्ति गीत सुनाये तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भारत पर्व के अवसर पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय खण्डवा द्वारा विकास प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का अवलोकन कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री के. आर. बड़ोले सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिकों ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्री संदीप जोशी ने किया।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पटवारी के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का किया वाचन

सत्ता सुधार ■ सीहोर



गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिला कांग्रेस कायाज़्लय में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया। उपस्थित कांग्रेसजनों द्वारा सवज़्प्रथम राष्ट्रगान कर मीष्ठान का वितरण किया एवं सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं दी। तत्पश्चात वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम दीप राठौर के द्वारा मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रेदश अध्यक्ष जीतू पटवारी का संदेश पत्र का वाचन करते हुए कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि स्वतंत्रता का यह अमृतकाल लोकतंत्र और संविधान के लिए गंभीर चुनौती बनकर सामने खड़ा है। यह गणतंत्र दिवस हमारे सामने फिर एक ऐसे अवसर के रूप में आया है जब हमें अपनी सामूहिक जवाबदेही को नए सिरे से सुनिश्चित करना है। यह तभी संभव है जब हम एक दशा और एक दिशा में, एक साथ कदम बढ़ाए, कंधे से कंधा मिलाकर मंजिल की ओर बढ़ते चले जाए।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री, बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, बिपिन चंद्र पाल, मोतीलाल नेहरू, डॉक्टर राम मनोहर लोहिया, गोपाल कृष्ण गोखले, डा. भीमराव अंबेडकर, मौलाना अबुल कलाम आजाद, बाबू जगजीवन राम, सरोजिनी नायडू, आचार्य कृपलानी, डा. हरिसिंह गौर जैसी अनेक शख्सियतों ने संविधान निमाण से लेकर राष्ट्र निर्माण में अपने श्वेद की एक-एक बूंद अर्पित कर दी। उन्हें याद करने का भी आज पुण्य दिवस है। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर, ब्लाक अध्यक्ष निशांत वर्मा, राममूर्ति शर्मा, महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, विष्णु प्रसाद राठौर, गीता देवी राठौर, मूलचन्द राठौर, रामचन्द्र राठौर, रमेश गुप्ता, राजाराम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा घनश्याम मीणा, विवेक राठौर, घनश्याम यादव, आशीष गेहलोत, राकेश वर्मा, मजीद अंसारी, रघुवीर सिंह दांगी, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, तुलसी राजकुमार राठौर, कमलेश चाण्डक, मांगीलाल टिमरई, असरफ अली, लक्की सक्सेना, नायाब खान, गजराज परमार, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# जय बापू जय भीम संविधान बचाओ महु विशाल रैली सभा में जिला सेवादल अध्यक्ष खंगराले के नेतृत्व में भारी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता

सत्ता सुधार ■ सीहोर



सोमवार, 27 जनवरी 2025 को इन्दौर जिले की मऊ तहसील में जय बापू जय भीम संविधान बचाओ महु विशाल रैली सभा में जिला सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के भारी संख्या में सेवादल कांग्रेस के कार्यकर्ता पहुंचे। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे, सांसद राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ, म.प्र.कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतु पटवारी, प्रदेश सेवादल कांग्रेस के अध्यक्ष योगेश यादव, सांसद, विधायकों ने संविधान बचाओ की कार्यकताओं को शपथ दिलाई महु कार्यक्रम में सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंरगाले, जिला महामंत्री दीपक सोनकर के नेतृत्व में भारी संख्या में सीहोर जिले के सेवादल कांग्रेस कार्यकताओं ने बढ़चडकर हिस्सा लिया।

### सांसद सिंधिया से की एलएलएम कोर्स की मांग



**अशोकनगर।** शासकीय विधी महाविद्यालय अशोक नगर के विद्यार्थियों द्वारा सांसद प्रतिनिधि संजीव जैन भारिल्ल एवं हरिओम जी नायक को आमंत्रित कर श्रीमंत सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम आवेदन देकर महाविद्यालय में एलएलएम कोर्स की मांग की गई सांसद प्रतिनिधि संजीव जैन भारिल्ल नें बताया कि विद्यार्थियों की मांग को श्रीमंत महाराज साहब की ओर पत्र लिखकर भेज दी गई है हमें आशा है कि श्रीमंत इस संबंध में जो भी उचित होगा करेंगे।

# पत्रकार क्लब अशोकनगर की कार्यकारिणी घोषित



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

रविवार को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पत्रकार क्लब द्वारा गणतंत्र दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर झंडा वंदन कर मिष्ठान वितरण किया गया, तत्पश्चात पत्रकार क्लब अशोकनगर की कार्यकारिणी घोषित की गई। क्लब के संरक्षक पवन कुमार जैन की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष मनोज जैन कलाकार ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की, जिसमें एक महामंत्री और तीन उपाध्यक्ष बनाए गए। शिवनारायण कुरौलिया को महामंत्री जबकि उपाध्यक्ष के पद पर अनीष त्रिवेदी, राकेश वर्मा डेविड और करन रजक को मनोनीत किया गया है। इसके अतिरिक्त कोषाध्यक्ष के पद पर सुशील कुशवाह, संगठन मंत्री मनीष कुमार जैन, सहसचिव गौरव जैन सिन्नी, उदयभान सिंह यादव मीडिया प्रभारी बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में हरिओम भार्गव नईसरांय, धर्मेन्द्र नामदेव चन्देरी, राजकुमार लोधी, अखिलेश श्रीवास्तव, नरेन्द्र शर्मा रानू, दीपेश शर्मा, राजकुमार नामदेव शामिल हैं। इसके अलावा चन्देरी और नईसरांय के ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा भी जिलाध्यक्ष ने की। चन्देरी ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में विनीत श्रीवास्तव और नईसरांय ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में हारून कुरेशी को मनोनीत किया गया है।

## आई.टी.आई. खण्डवा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**खण्डवा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय आई.टी.आई. खण्डवा में प्राचार्य श्री जी.पी. तिवारी के द्वारा संस्था से इस वर्ष सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों श्री शिवप्रकाश यादव एवं श्री अनीस अब्दुल शाह के सम्मान में दोनों कर्मचारियों से झण्डावंदन कराया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर महिला आई.टी.आई. के श्री निमोले ने निमाड़ी में आई.टी.आई. पर स्व-लिखित कौशल गीत की प्रस्तुति दी। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर संस्था स्तर एवं जिला स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता, उपविजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने प्रशिक्षणार्थियों को समय की पाबंदी एवं जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला।

### जिलाध्यक्ष ने किया भाजपा जिला कार्यालय, सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर झंडा बंधन

# उन सभी मूर्धन्य विद्वानों को नमन जिनके कारण संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान हमने प्राप्त किया : आलोक तिवारी

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



आज हम उन सभी मूर्धन्य विद्वानों को नमन करते हैं, जिनके समय, श्रम, ज्ञान और विद्वता के कारण संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान हमने प्राप्त किया था। उक्त उद्गार गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने भाजपा जिला कार्यालय ओम कॉलोनी के पश्चात सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर ध्वजारोहण के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हम सब लोग लोकतंत्र,संविधान की रक्षा,सर्वोच्चता के लिए,कृत संकल्पित हैं। यह साधारण नहीं है,असाधारण दिन है, मैं समझता हूं संविधान चिरंजीवी हो, हमेशा सशक्त और मजबूत रहे। और उसकी सर्वत्र देश में जय ही जय हो, यह हमारी मनोभावना है। आज मैं अपने हृदय के अंतःकरण से आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। और ईश्वर से यह विनती करता हूं,कि हमारा संविधान जो वर्तमान में बहुत ही मजबूत और शक्तिशाली हाथों में है, सुरक्षित है,सर्वमान्य है,जिसकी जय हो। इस दौरान नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, प्रताप भान सिंह यादव पप्पू राती खेड़ा,पार्षद महेंद्र भारद्वाज,प्रमेंद्र तायडे जॉर्ज, मनोज शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र लोधी, वीरेंद्र सिंह यादव मढ़ी, हरीश जैन बल्ला, लखन रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव, अनीता जैन, मंडल अध्यक्ष सलिल त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी, पार्षद डॉक्टर जय मंडल सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल, पिछला मार्च मोर्चा जिलाध्यक्ष दयाशंकर कुशवाहा, दयालु दास, धर्मेंद्र रघुवंशी, राजकुमार यादव नंदन नामदेव लखन शर्मा, सोनू सुमन, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### स्कूटर में टक्कर लगने पर वायुसेना लेफ्टिनेंट के साथ की मारपीट

**इंदौर।** एमजी रोड पर भारतीय वायुसेना के फ्लाइट लेफ्टिनेंट के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के बाद एक्टिवा सवार युवक और उसके तीन साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एमजी रोड पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, विश्व पुत्र नवीन चौहान निवासी सुदामा नगर की शिकायत पर मनोज औदिच्य और उसके तीन साथियों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक विश्व भारतीय वायुसेना में फ्लाइट लेफ्टिनेंट के पद पर तैनात हैं। 26 जनवरी को वे अपनी ओला स्कूटर से जेल रोड की तरफ अपने मौसी के बेटे के साथ स्मार्ट वॉच ठीक कराने जा रहे थे। तभी रॉन्ग साइड से एक्टिवा सवार व्यक्ति ने आकर उनकी स्कूटर के सामने गाड़ी रोक दी। जब विश्व ने उसे गलत लेन में आने की बात कही, तो उसने अपशब्द कहे। इसके बाद उसने अपने तीन साथियों को बुलाया, और चारों ने मिलकर विश्व के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने ईंट और हाथ-मुक्कों से हमला किया, जिससे विश्व के गाल, गर्दन और चेहरे पर चोट आई। बाद में आसपास के लोगों ने बचाव किया और मारपीट करने वाले व्यक्ति की जानकारी लेकर थाने पहुंचे, जहां लेफ्टिनेंट विश्व ने केस दर्ज कराया।

### महिला कांस्टेबल ने की आत्महत्या, ट्रैफिक थाने में थी पदस्थ

**इंदौर।** बाणगंगा क्षेत्र में एक लेडी कांस्टेबल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह महूनाका के ट्रैफिक थाने में पदस्थ थी। बाणगंगा में वह किराए का मकान लेकर रहती थी। उसके एक दोस्त ने कॉल किया था, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं किया तो वह रात को घर पहुंचा। तब मानसी पिता गणेश मुराड़िया फंदे पर लटकी थी। दोस्त ने उसे फंदे से उतारा और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को उसके कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला। मानसी की पहली पोस्टिंग इंदौर में हुई थी। वह मूलतः सतवास की रहने वाली है। उसके पिता बस चालक है। मानसी ने शाम को अपने पिता से फोन पर बात की थी। परिजनों ने बताया कि मानसी की बातों से नहीं लगा था कि वह आत्महत्या जैसा कदम उठा लेगी, क्योंकि कभी उनसे किसी तरह की परेशानी की बात नहीं कही।

### दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए नाबालिग की डूबने से मौत

**इंदौर।** सिमरोल इलाके में एक नाबालिग की डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि वह दोस्तों के साथ यहां पिकनिक मनाने पहुंचा। इसी दौरान हादसा हो गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि अल्फेज (17) पुत्र फरीद मंसूरी निवासी रानीपुरा झंडा चौक अपने दोस्तों के साथ बाइक से बगोदा इलाके के जूना पानी फाल कुंड में पिकनिक मनाने पहुंचा। उसके साथ कुछ दोस्त भी थे। नहाने के दौरान वह कुंड की गहराई में चले गया। जिसमें वह डूब गया। बाद में दोस्तों ने ग्रामीणों को जानकारी दी। काफी देर की मशक्कत के बाद उसका शव बाहर निकाला गया।

---

### इंदौर में सिरपुर तालाब को सहेजने के लिए विगत 13 वर्षों से प्रयास किए जा रहे

# नौ में से चार मापदंडों को पूरा कर इंदौर बना 'वेटलैंड सिटी'

सत्ता सुधार ■ इंदौर

तालाबों व जलाशयों को सहेजने व संरक्षण के साथ वेटलैंड सिटी के तय नौ में से चार मापदंड पूरा करने पर इंदौर को अंतराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली है। गौरतलब है कि इंदौर में सिरपुर तालाब को सहेजने के लिए विगत 13 वर्षों से प्रयास किए जा रहे हैं। अब यशवंत सागर के भी संरक्षण की योजना बनाई गई है। इंदौर के इन दोनों तालाबों को जनवरी 2022 में रामसर साइट का दर्जा मिला था। इसके बाद ननि ने दोनों तालाबों के संरक्षण के लिए किए कार्यो के आधार पर वेटलैंड सिटी का एक्रीडिएशन पाने के लिए सितंबर 2023 में प्रयास शुरू किए। परिणाम स्वरूप ही करीब डेढ़ साल बाद वेटलैंड सिटी का दर्जा प्राप्त हुआ।



**तालाब के विकास के लिए केंद्र सरकार को भेजी गई है योजना:** सिरपुर तालाब के विकास के लिए नगर निगम द्वारा दो माह पहले 62 करोड़ रुपये की योजना केंद्र सरकार को भेजी गई है। वहीं यशवंत सागर के विकास के लिए योजना तैयार की जा रही है। वहां किए जाने वाले कार्यो का आकलन कर राज्य सरकार से केंद्र को योजना भेजने की तैयारी है।

#### डेढ़ साल पहले शुरू हुआ था प्रयास

इंदौर नगर निगम ने वेटलैंड सिटी का दर्जा पाने के लिए लगभग डेढ़ साल पहले प्रयास करना शुरू कर दिया था। अगस्त 2023 में %वेटलैंड सिटी एक्रीडिएशन% के अंतर्गत तालाबों से जुड़ी जानकारियों को सार्वजनिक किया गया। नेतृत्व कलेक्टर और महापौर ने किया। वेटलैंड सिटी एक्रीडिएशन का आकलन रामसर सम्मेलन के मानकों के आधार पर किया गया। तालाबों की सफाई और पानी को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए गए। वेटलैंड 2017 के तहत सभी नियमों का पालन किया गया। वहीं तालाब में पाए जाने वाले जीव-जंतुओं की जानकारी जुटाई गई। मछलियों, मेंढकों, सांपों और केंचुओं की विभिन्न प्रजातियों का अध्ययन किया गया।

#### सिरपुर तालाब के इन चार मापदंडों ने दिलाया दर्जा

1. यहां यूरेशियन विगन, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, ग्रेटर फ्लेमिंगो, पेंटेड स्टार्क व सुराख पक्षी आते हैं।
2. यहां विविध प्रजाति के पौधे, तालाब में जैव विविधता है।
3. सिरपुर तालाब क्षेत्र ऐसा पारिस्थितिक तंत्र है जहां तालाब के बैकवाटर, सुखनिवास आवक चैनल क्षेत्र में पक्षियों के प्रजनन, निवास बनाने के लिए अनुकूल वातावरण है।
4. तालाब में जलीय जीव जैसे मछली, केकड़ा, झींगा की उपलब्धता है।

---

### महू में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर बोला हमला कहा-

# बजट बनाने वाले अफसरों में 5 फीसदी भी दलित आदिवासी और पिछड़े नहीं

सत्ता सुधार ■ इंदौर

संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की जन्मस्थली महू में कांग्रेस ने सोमवार को बड़ी रैली की। इस जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि देश का बजट 90 अफसर बनाते हैं। यही अफसर डिसाइड करते हैं कि किस स्टेट को कितना पैसा देना है। राहुल ने कहा कि इन अफसरों में 5 फीसदी भी दलित-आदिवासी और पिछड़े नहीं हैं। जबकि पिछड़ों की आबादी 50 फीसदी है। जीएसटी आप देते हो, मेहनत आप करते हो। पैसा आप खर्च करते हो और चाइना का माल अडाणी-अंबानी हिंदुस्तान में बेचते हैं। चाइना के युवाओं को रोजगार मिलता है। अडाणी-अंबानी को फायदा होता और आपके बच्चों का रोजगार छीना जाता है। इंटरनेशनल मार्केट में पेट्रोल के दाम कम होते हैं, लेकिन हिंदुस्तान में पेट्रोल का रेट कभी नीचे नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी जातिगत जनगणना कराने से डरते हैं। वे कभी नहीं कराएंगे। 50 फीसदी आरक्षण की दीवार को हम लोकसभा-राज्यसभा में तोड़ देंगे। हम आरक्षण 50 परसेंट से ज्यादा करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाकर इसे करेंगे। राहुल गांधी ने मीडिया पर हमला बोलते हुए कहा कि ये जो मीडिया के लोग कैमरा लिए घूम रहे हैं- ये आपके नहीं हैं, ये अडानी-अंबानी का मीडिया है। आप भूखे मर जाएं, आपके बच्चे भूखे मर जाएं, किसान आत्महत्या कर लें, लेकिन मीडिया को कोई फर्क नहीं पड़ेगा, ये अडानी-अंबानी की शादी दिखाएंगे। ये मीडिया वाले उनके हैं, उनकी नौकरी करते हैं। ये कभी हिंदुस्तान के किसानों-मजदूरों, बेरोजगार युवाओं की बात नहीं करेंगे। मीडिया में अफगानिस्तान और पाकिस्तान की बात होगी, लेकिन हिंदुस्तान के किसानों और मजदूरों की बात नहीं होगी। ये लोग हिंदुस्तान को डराने में लगे हैं कि देखो अफगानिस्तान में क्या हो रहा है... लेकिन ये नहीं बताएंगे कि हिंदुस्तान में क्या हो रहा है। हिमाचल सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछले दिनों राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक की यात्रा की थी। ये यात्रा भाईचारे की थी। संविधान की रक्षा के लिए कोई सेनापति के रूप में उभरकर सामने आया तो वे राहुल गांधी हैं।



#### गांधी के भाषण की खास बातें...

- देश में सभी कांट्रेक्ट दो-तीन अरबपतियों को दिए जा रहे हैं। अडाणी-अंबानी को पूरा धन पकड़ाया जा रहा है।
- संविधान से पहले इस देश में गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदवासियों के कोई अधिकार नहीं थे। अधिकार सिर्फ राजा-महाराजा के थे।
- बदलाव आजादी के दिन आया था। आपको जमीन दी गई। जमीन का हक दिया गया। अधिकार दिए गए।
- बीजेपी-आरएसएस आजादी के पहले का हिंदुस्तान चाहते हैं। आजादी के पहले सिर्फ अडाणी-अंबानी जैसे लोगों के अधिकार थे।
- वो चाहते हैं कि गरीब चुप बैठे, एक शब्द न कहे, भूखे मर जाएं, सपने न देखे। हिंदुस्तान अरबपति चलाएं।
- जितना धन इन अरबपतियों के हाथ में जाएगा, उतना कम रोजगार आपके बच्चों के हिस्से में जाएगा। नोटबंदी हिंदुस्तान के गरीबों को खत्म करने का औजार है।
- जीएसटी अरबपति नहीं देते हैं। जीएसटी हिंदुस्तान के गरीब देते हैं। जब आप एक पेंट खरीदते हो, जितनी जीएसटी आप देते हो उतनी ही अडाणी-अंबानी देते हैं।
- लाखों करोड़ रुपए आपके जेबों से निकाला जाता है। ये सीधा अरबपतियों के बैंक अकाउंट में जाता है।
- 16 लाख करोड़ रुपए नरेंद्र मोदी जी ने अरबपतियों का कर्जा माफ किया है। ये आपका पैसा था। कर्जा माफ आपके पैसों से हुआ। मैं आपसे पूछता हूं किस किसान का कर्जा माफ करते हैं। किस स्टूडेंट का कर्जा माफ करते हैं।

---

## जैन समाज द्वारा दिव्यांग को कृत्रिम पैर प्रदान कर मनाया 76 वां गणतंत्र



सत्ता सुधार ■ इंदौर

स्थानीय रीगल तिराहे स्थित महावीर कीर्ति स्तंभ पर मानव सेवा के प्रकल्प के साथ 76 वां गणतंत्र दिवस दिगंबर जैन समाज इंदौर, महावीर ट्रस्ट एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संयुक्त तत्वाधान में मना एक दिव्यांग युवक संजीव राय को कृत्रिम पैर देकर मानव सेवा के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। फेडरेशन के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि कार्यक्रम अतिथि जैन समाज की संरक्षिका श्रीमती पुष्पा कासलीवाल, फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, आर के जैन राने का, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, महामंत्री बाहुबली पांड्या, सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी थे। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम मंगलाचरण सोशल ग्रुप डायमंड की श्रीमती श्वेता जैन, स्वर्णा जैन, सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया। अपने उद्बोधन में राकेश विनायका ने कहा कि फेडरेशन वर्षों से मानव सेवा के कार्य कर रहा है । राजकुमार पटौदी ने 76 वे गणतंत्र दिवस पर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की । महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल ने कहा कि महावीर ट्रस्ट करीब 50 वर्षों से मानव सेवा एवं परमार्थिक कार्यों में निरंतर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है महावीर ट्रस्ट द्वारा मेडिकल इक्विपमेंट बैंक का शुभारंभ किया गया है जिसमें सर्व समाज जन अपनी सेवाएं वस्तुएं सहयोग ट्रस्ट को प्रदान कर मानव सेवा कर सकते हैं। झंडा वंदन कार्यक्रम में महावीर ट्रस्ट के महामंत्री बाहुबली पांड्या, ट्रस्टी विजय काला, अशोक खासगीवाला, टी के वेद, प्रियदर्शी जैन, दिगंबर जैन समाज के कमलेश कासलीवाल, विमल अजमेरा, हंसमुख गांधी, कीर्ति पांड्या, , राजेंद्र सोनी, र संजय पपड़ीवाला, अतुल गोईल, आशीष जैन सूतवाला, संजय जैन अहिंसा, ऋषभ जैन, भूपेंद्र जैन, नरेंद्र जैन, श्रीमती कुसुम पांड्या आदि अनेक समाजजन उपस्थित थे।

---

### आदर्श रोड से अच्छे कपड़े निकालकर पुराने कपड़ों के बाजार में बेच रहे

# नेकी की दीवार से कपड़े चोरी कर रही महिलाओं की गैंग

सत्ता सुधार ■ इंदौर

शहर की आदर्श रोड पर बनाई गई नेकी की दीवार में दान दिए जाने वाले कपड़े चोरी हो रहे है। यहां महिलाओं की गैंग अच्छे-अच्छे कपड़े छांटकर पोटली में भरकर बाजार में बेच रही हैं, लेकिन इन्हें रोकने-टोकने वाला कोई नहीं है। तत्कालीन शिवराज सरकार ने इस तरह की नेकी की दीवार शहर में बनाई थीं, लेकिन इनका संचालन किसी के हाथों में नहीं होने के कारण ये बदहाल हो रही हैं और कई जगह तो इसकी आड़ में अतिक्रमण तक होने लग गए हैं। इसी के तहत पलासिया से साकेत के बीच आदर्श सड़क पर नेकी की दीवार बनाई है, जहां आम लोगों के अनुपयोगी कपड़े और किताबें दान किए जा सकते हैं। इसका फायदा यह होता है कि जो चीजें जरूरतमंदों को चाहिए होती हैं वे यहां से ले जाते हैं। पॉश इलाका होने के कारण यहां अच्छे से अच्छे कपड़े भी लोग छोड़ जाते हैं, लेकिन ये कपड़े जरूरतमंदों तक पहुंचने के बजाय कपड़ा चोरों के माध्यम से पुराने कपड़ों के बाजार में बिकने पहुंच रहे हैं।



सामाजिक कार्यकर्ता शालिनी शर्मा ने इसका वीडियो बनाया और महिला चोरों से बात की तो उन्होंने पहले ना-नुकुर की, फिर मुंह छिपाकर वहां से भाग गई। दरअसल ये महिलाएं शाम को यहां जाकर अच्छे-अच्छे कपड़े छांटकर उसकी पोटली बना लेती हैं और फिर शाम को किसी वाहन के माध्यम से ये पोटली ले जाकर पुराने कपड़ों के बाजार में बेच देती हैं। शहर में मालवा मिल क्षेत्र में पुराने कपड़ों का बाजार है, जहां ये कपड़े बेच दिए जाते हैं।

### फर्जी सॉफ्टवेयर बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने सुदामा नगर निवासी पुनीत वाधवानी को गिरफ्तार किया है। पुनीत पर आरोप है कि वह फर्जी सॉफ्टवेयर बेचकर ठगी करने वाली एडवाइजरी कंपनियों को मदद करता था।



तीन दिन पहले विजयनगर इलाके में होनेस्ट एडवाइजरी नामक फर्जी कंपनी पर छापेमारी के दौरान एक नकली सॉफ्टवेयर का उपयोग पाया गया था। जांच में पता चला कि यह सॉफ्टवेयर पुनीत ने उपलब्ध कराया था। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पुनीत %पीएनपी सॉफ्टवेयर% नामक फर्म संचालित करता था। वह ऐसे सॉफ्टवेयर तैयार करता था, जिनके जरिये ग्राहकों से वर्चुअल नंबर और फर्जी सिम कार्ड का इस्तेमाल कर ठगी की जाती थी। क्राइम ब्रांच पुनीत से अन्य राज्यों में उसकी गतिविधियों और ठगी के मामलों की जानकारी जुटा रही है।

# इंदौर अध्यक्ष का फैसला मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा के बाद ही होगा

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव चार दिनी यात्रा पर जापान जा रहे

सत्ता सुधार ■ इंदौर



इंदौर के जिले और शहर भाजपा अध्यक्ष का फैसला अब मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा के बाद ही होने की संभावना है। मुख्यमंत्री आज चार दिनी यात्रा पर जापान जा रहे हैं। इंदौर के प्रभारी मंत्री होने और इंदौर के मामले में पेंच फंसने के बाद उनकी मौजूदगी में ही अध्यक्ष की घोषणा होगी। उधर, प्रदेश को भी नया अध्यक्ष 5 फरवरी के बाद ही मिल पाएगा, क्योंकि 5 तारीख को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। रायशुमारी से अलग बात की जाए तो इंदौर में अब बड़े नेताओं में वर्चस्व की लड़ाई के कारण मामला खटाई में आ पड़ा है। हमेशा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की हां में हां मिलाने वाले तुलसी सिलावट इस बार जिले के अध्यक्ष को लेकर किसी प्रकार का समझौता करने के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने लगातार संगठन पर सांवेर के अंतरदयाल को अध्यक्ष बनाने के लिए खम ठोंक रखा है, जबकि मंत्री विजयवर्गीय यहां से चिंटू वर्मा को फिर से मौका देने के पक्ष में हैं, क्योंकि चिंटू के अभी 9 महीने ही पूरे हुए हैं और प्रदेश में अधिकांश जिलों में लोकसभा चुनाव के समय बनाए गए अध्यक्षों का कार्यकाल आगे बढ़ाया गया है। इससे उलट शहर की स्थिति है। टीनू जैन और सुमित मिश्रा के नाम को लेकर फैसला नहीं हो पा रहा है और अब संकेत दिए जा रहे हैं कि दोनों के नामों को दरकिनार कर किसी तीसरे का नाम सामने आ सकता है। इस दौड़ में कई नाम आगे चल रहे हैं। हालांकि फैसला मुख्यमंत्री की सहमति के बिना नहीं हो सकता है। पहले संभावना थी कि 26 जनवरी के पहले अध्यक्ष घोषित हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। अब आज मुख्यमंत्री मोहन यादव इंदौर में हितग्राही सम्मेलन के बाद विदेश रवाना हो रहे हैं। वे चार दिनी जापान दौरे पर रहेंगे। संभवतः वे 31 जनवरी तक लौटेंगे और उसके बाद ही इंदौर को लेकर कोई फैसला हो सकता है।

---

## सराफा बाजार

### ग्राहकों की सुविधा के लिए रहेगी विशेष पार्किंग योजना

# व्यापारियों के वाहनों पर प्रतिबंध, ट्रैफिक सुधार के लिए गार्ड तैनात

सत्ता सुधार ■ इंदौर

सराफा बाजार में व्यापार को बढ़ावा देने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन ने पांच साल बाद एक नई पहल शुरू की है। इस योजना के तहत बड़ा सराफा में सड़क के दोनों ओर पीली पट्टियां बनाई गई हैं, जहां केवल ग्राहकों के वाहनों को पार्क करने की अनुमति होगी। एसोसिएशन अध्यक्ष हुकम सोनी और मंत्री बसंत सोनी ने बताया बड़े और छोटे सराफा के व्यापारियों के वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। व्यापारी पिछले 15 दिनों से स्वेच्छा से अपने दोपहिया वाहनों को बजाज खाना चौक, खजूरी बाजार और गौराकुंड पार्किंग में खड़ा कर रहे हैं। इसके लिए मासिक पार्किंग पास भी बनवाए गए हैं।



#### चार गार्ड करेंगे निगरानी

ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक चार गार्ड तैनात किए गए हैं, जो बाजार में व्यवस्था बनाए रखने का ध्यान रखेंगे। साथ ही, बड़ा सराफा में बनाई गई पीली पट्टियों और केट आई पर रेडियम लगाया गया है, जिससे रात में भी पार्किंग व्यवस्था स्पष्ट दिखाई देती है। एसोसिएशन के अनुसार, इस नई व्यवस्था से व्यापार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जो ग्राहक अन्य बाजारों की ओर चले गए थे, वे अब लौटने लगे हैं। इससे व्यापार में बढ़ोतरी हो रही है।

#### 2019 का अभियान फिर शुरू

कार्यकारिणी सदस्य अविनाश शास्त्री और अभिजीत वर्मा कुरी ने बताया कि 2019 में भी इस तरह का अभियान शुरू किया गया था, लेकिन कोरोना लॉकडाउन के कारण यह रुक गया था। अब पांच साल बाद फिर से इसे नए तरीके से शुरू किया गया है। एसोसिएशन फिलहाल माइक से ग्राहकों से पट्टी के भीतर वाहन पार्क करने की अपील कर रहा है। कुछ समय बाद पट्टी के बाहर वाहन पार्क करने पर यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

#### व्यापारियों से शुल्क लिया जाएगा

नई व्यवस्था के तहत फरवरी से व्यापारियों से सालाना 1200 रुपए शुल्क लिया जाएगा। चौपाटी अब रात 9 बजे के बाद ही शुरू होगी। एसोसिएशन ने चौपाटी दुकानदारों से अनुरोध किया है कि दुकानें 9 बजे से पहले न लगाएं। अध्यक्ष ने आग्रह किया है कि गार्ड द्वारा रोकने पर किसी भी प्रकार का विवाद न किया जाए। उन्होंने कहा कि समय पर ठेले लगाने और गाड़ियां सही जगह पार्क करने से सराफा बाजार की व्यवस्था और व्यापार दोनों में सुधार होगा।

## एमपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां शुरू, टीचर्स की छुट्टी पर लगी रोक

सत्ता सुधार ■ इंदौर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के चलते सरकारी स्कूल के टीचर्स के अवकाश पर रोक लगा गई है। स्वास्थ्य कारणों से ही टीचर्स अवकाश ले सकेंगे। इस छुट्टी के लिए भी जिला मेडिकल बोर्ड का सर्टिफिकेट लेना जरूरी होगा। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए जिले के 140 स्कूलों को सेंटर बनाया गया है। एग्जाम की तैयारी के चलते जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन ने एक मीटिंग भी की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि बिना अनुमति किसी भी टीचर को छुट्टी नहीं दी जाए। अब जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त संकुल प्राचार्यों को नोटिस जारी कर टीचर्स के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

एग्जाम संबंधी काम को मप्र अनिवार्य सेवा संधारण एवं विभिन्नता निवारण अधिनियम के तहत अनिवार्य सेवा घोषित किया है। एग्जाम व मूल्यांकन काम में लगे कर्मचारियों की सेवा अत्यावश्यक श्रेणी में आती है। इसलिए कोई भी प्रिंसिपल, टीचर या कर्मचारी एग्जाम से जुड़े कामों से इनकार करते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। आकस्मिक अवकाश सिर्फ संकुल प्रिंसिपल की स्वीकृत पर मिल सकेगा।

# सिटी स्टेडियम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने किया ध्वजारोहण



**सत्ता सुधार ■ सागर**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिटी स्टेडियम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ.सुशील तिवारी ने झंडा वादन किया। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि डॉ सुशील तिवारी ने सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पहले बुंदेलखंड की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए को कोई मंच नहीं था लेकिन सिटी स्टेडियम के निर्माण होने बुंदेलखंड की खेल प्रतिभाओं को एक बहुत अच्छा मंच मिल गया है तथा ओलंपिया एकेडमी के माध्यम से सागर सहित समूचे बुंदेलखंड अंचल में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं जिससे वे अपनी क्षमताओं में वृद्धि कर रहे हैं तथा आने वाले समय में यहां की खेल प्रतिभाएं प्रदेश एवं देश में बुंदेलखंड का नाम रोशन करेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ियों से आग्रह करते हुए डा. सुशील तिवारी ने कहा कि वो अपनी क्षमताओं का उपयोग करते हुए देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर सचेतक एवं पार्षद शैलेंद्र ठाकुर, बुंदेली बौछार के संपादक सचिन चौधरी सहित ओलंपिया एकेडमी के संचालक सिद्धार्थ कुशवाह एवं एकेडमी के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को दिया अंजाम



**बीना/सागर।** बीना शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।चोरियों की घटनाओं से लोग भी दहशत में हैं। ऐसे ही चोरों ने हिरनछिपा में रहने वाले पीएचई के सब इंजीनियर महेंद्र शिल्पकार के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 20 हजार रुपए कीमत की चांदी, 10 हजार रुपए नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। पीएचई सब इंजीनियर ने बताया कि वह अपने निजी काम से चार दिन के लिए रायपुर गए हुए थे। जब वहां से लौटे तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। चोरी की घटना को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चोरों ने रेकी कर घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना की सूचना के बाद सागर से एफएसएल टीम भी मौके पर जांच करने के लिए पहुंची है।

### महापौर ने समाजसेवी पारंग शुक्ला का सम्मान किया



**सागर।** गणतंत्र दिवस 2025 के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन ने युवा समाजसेवी पारंग शुक्ला को बेसहारा महिला के उपचार एवं देखरेख में अनुकरणीय योगदान देने के लिए सम्मानित किया।सोमवार को महापौर संगीता तिवारी ने शहर के युवाओं को प्रेरणा देने वाले पारंग शुक्ला को सम्मानित किया।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील तिवारी सहित शैलेंद्र ठाकुर उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस पर महापौर ने नये कार्यालय भवन में किया ध्वजारोहण

## महापौर ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक व डिस्पोजल का उपयोग न करने की शपथ दिलाई

**सत्ता सुधार ■ सागर**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी एवं पार्षदों की उपस्थिति में नगर निगम कार्यालय के नये भवन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने सभी नगर वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम सब सबसे बड़े राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का उत्सव मना रहे हैं 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान हैं जो देश के हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। मैं इस अवसर पर देश के सभी अमर शहीदों को नमन करती हूं। गणतंत्र दिवस भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का उत्सव है यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम सब बराबर है और देश के शासन में हमारी भी भागीदारी है।उन्होंने कहा कि नगर निगम एक ऐसी संस्था है जहां पर जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि प्रशासन के साथ मिलकर शहर के विकास एवं जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य करती है। मुख्यमंत्री जी एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के प्रयासों से शहरों का चहुंमुखी विकास हुआ है



इस परिषद द्वारा सड़कों, चौराहों का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, स्टेडियम का निर्माण किया गया है तथा ऐसी सड़कों का निर्माण किया गया है जो आजादी के बाद पहली बार बनाई गई हैं, जिनकी रील सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाएं और समाज के गरीब, पिछड़े लोग जो शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं उन्हें लाभ दिलाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में प्रतिवर्ष नगर निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारी मेहनत से काम करते आ रहे हैं इस वर्ष भी आपकी कड़ी परीक्षा का समय आ रहा है इसलिए मैं आशा करती हूं कि सभी लोग स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में अपने शहर को अच्छी रैंक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे तथा सभी के प्रयास से लक्ष्य हासिल करेंगे। निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने 76 वे गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए संविधान की आवश्यकता थी जिसे , डॉ अंबेडकर की अध्यक्षता में तैयार किया गया जिसमें सागर सपूत डॉ हरिसिंह गौर भी सदस्य थे।जिसे पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू किया।तब से देश संविधान के अनुसार ही चलता है । उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें जिससे इस बार हम स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में अच्छी रैंक प्राप्त कर सके। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 26 जनवरी को हमारा संविधान लागू हुआ था और संविधान के अनुसार ही पूरा देश चलता है। प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वच्छता मिशन प्रारंभ किया था नगर निगम की सभी अधिकारी, कर्मचारी बहुत मेहनत से कार्य कर रहे हैं जिसमें हमें मीडिया का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है इसलिए स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में शहर को अच्छी रैंक लाने के लिए हमें लगातार प्रयास करना है। कार्यक्रम को पार्षद याकृति जड़िया ने भी संबोधित कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के अंत में महापौर ने सिंगल यूज प्लास्टिक एवं डिस्पोजल का उपयोग न करने की शपथ दिलाई ,उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये तथा गुब्बारे छोड़े।इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अनूप उर्मिल, धर्मेंद्र खटीक, संगीता शैलेष जैन, कंचन सोमेश जडिया पार्षद शैलेंद्र ठाकुर, रीतेश तिवारी, श्री देवेन्द्र अहिरवार, अनीता रामू ठेकेदार, वैदेही पुरोहित, रूबी कृष्णकांत पटेल, पूजा सोनी, रोशनी बसीम खान, विशाल खटीक सहित नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# आवाज संस्था द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**सत्ता सुधार ■ बीना/सागर**

महिला एवं बाल विकास विभाग एवं आवाज के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अंतर्गत बेटी जन्म उत्सव कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भानगढ़ के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा राय अतिथि जनपद पंचायत सीईओ राजेश पटेरिया महिला एवं बाल विकास विभाग से प्रभात चतुर्वेदी ग्राम पंचायत भानगढ़ की सरपंच के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां का पूजन कर एवं अतिथियों को पौधा भेंट कर किया गया। किशोरी बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत एवं बेटियों के जन्म पर गाए जाने वाला गीत प्रस्तुत किया गया इसी क्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रश्मि कुर्मी द्वारा बेटी जन्म पर गीत प्रस्तुत किया गया अतिथियों के उद्बोधन उपरांत बालिकाओं को आवाज मध्य प्रदेश के द्वारा बालिकाओं के पद चिन्ह भेंट किया गया।कार्यक्रम की अवधारणा एवं उद्देश्य आवाज की जिला समन्वयक पटेल द्वारा बताया गया एवं संक्षिप्त में कार्यक्रम आयोजन की संकल्पना पर प्रकाश डाला गया, जनपद अध्यक्ष द्वारा बालिकाओं को जन्म देने वाली मां को धन्यवाद व्यापित किया गया एवं बालिकाएं किसी भी क्षेत्र में काम नहीं है जनपद पंचायत सीईओ द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया, महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी प्रभा चतुर्वेदी द्वारा बाल विभाग के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया एवं जानकारी मिलने पर विभागों को समय पर जानकारी दी जाए राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी गई, ग्राम पंचायत भानगढ़ से करण कर्मी द्वारा आवाज द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना कर कार्यक्रम के आयोजन हेतु धन्यवाद दिया आवाज की जिला समन्वयक द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव कपूर सिंह उप सरपंच प्रेम नारायण कुर्मी, पर्यवेक्षक अधिकारी सुनील पाठक सरपंच प्रतिनिधि राजेश कुर्मी आवाज सदस्य राम कुशवाहा मनीष डांगी अंकित सेन दीपक अहिरवार वर्षा अहिरवार किशोरी बालिकाएं प्रियंका ,नंदिनी, अंशुल एवं भारी संख्या में बालिकाएं महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# बीना रिफाइनरी की तानाशाही के खिलाफ ट्रैक्टर मार्च निकालकर ज्ञापन सौंपा

**सत्ता सुधार ■ बीना/सागर**

जहां पूरा देश गणतंत्र दिवस मना रहा था वही बिना के कुछ ग्राम ऐसे भी रहे जिन्होंने बीना रिफाइनरी की तानाशाही के खिलाफ ग्राम भाकरई से से रिफायनरी गेट नंबर 1 तक ट्रैक्टर मार्च निकालकर ज्ञापन सोपा और 15 दिवस में अगर मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन करने के लिए किसान मजबूर होंगे। दरअसल गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के संभागीय अध्यक्ष सीताराम ठाकुर ने बागेश्वर थाना प्रभारी को ज्ञापन सोपा जिसमें उन्होंने बताया कि बीना रिफाइनरी की जहरीली गैस से किसान परेशान



है फासले खराब हो रही हैं मानक से अधिक गैस छोड़ी जाती है अधिक मात्रा में गैस छोड़ने से किसने की 1000 हेक्टर फसल प्रभावित हुई है फसल की उत्पादन पर असर पड़ता है इसका नुकसान की भरपाई बीपीसीएल द्वारा की जाए। रिफाइनरी के आसपास पेट्रोकेमिकल्स हब के लिए जमीन अधिकरण कम रेट पर ना हो किसानों को 50 लाख एकड़ का मुआवजा एवं स्थाई नौकरी दी जाए जिससे उसका भरण पोषण हो सके रिफाइनरी द्वारा जमीन के अंदर घटिया टैंक के निर्माण से जल प्रदूषित होने से रोका जाए।

# भगत सिंह ठाकुर योगाचार्य को पतंजलि योग समिति मप्र पूर्व का राज्य प्रभारी बनाए जाने पर किया स्वागत

### भगत सिंह जी को मिली जिम्मेवारी क्षेत्र के लिए गौरव की बात

**सत्ता सुधार ■ सागर**

सागर सांसद डॉ. लता गुड्डु वानखेड़े के निवास पर योगाचार्य भगत सिंह ठाकुर को पतंजलि योग समिति मध्य प्रदेश पूर्व का राज्य प्रभारी बनाए जाने पर सागर सांसद द्वारा भगत सिंह जी का शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ भानु राणा, रामेश्वर नामदेव, उमेश केवलारी, मनीष नेमा, विजय जडिया, कैलाश चौरसिया, विजय पटैल सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे। इस मौके पर सांसद डॉ लता गुड्डु वानखेड़े ने भगत सिंह जी को मिले इस दायित्व पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगत सिंह का चयन पतंजलि योग समिति द्वारा इस महत्वपूर्ण जिम्?मेदारी के लिए एक गौरव का



विषय है, उन्होंने कहा कि भगत सिंह जैसे समर्पित और ऊर्जावान व्यक्तित्व को इस जिम्मेदारी के लिए चुना जाना न केवल समिति के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि पतंजलि योग समिति के माध्यम से भगत सिंह द्वारा समाज के स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए सांसद ने कहा कि भगत सिंह का योगदान हमेशा से अनुकरणीय रहा है वह उनके समर्पण और सेवा भावना के लिए उन्हें इस दायित्व के लिए चयनित किए गए हैं।

**खुलासा** | पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी

# सोते समय डंडे से हमला किया, जमीन पर गिराकर पत्थर से कुचला सिर

**सत्ता सुधार ■ बंडा/सागर**

विनायका थाना क्षेत्र के रोड़ा गांव में 80 वर्षीय महिला की सिर कुचलकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने गाली का बदला लेने के लिए वृद्धा के सिर पर पत्थर से वार कर उसकी हत्या कर दी थी। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 25 जनवरी को रोड़ा में अबार माता मंदिर के पास बनी खुली दहलान में वृद्ध महिला का शव मिला था। वृद्धा की हत्या सिर पर पत्थर पटककर की गई थी। जांच में मृतका की पहचान प्रीतम बाई पति गंधर्व सिंह लोधी के रूप में हुई। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। एफएसएल और डॉग



स्क्वॉड की टीम ने घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाए। पुलिस टीमें गठित कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगाई गई।

### खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला था शव

पूछताछ में सामने आया कि मृतका प्रीतम बाई ने घटना वाले दिन आरोपी गब्बर के साथ गालीगलौज की थी। जिसको लेकर आरोपी के मन में गुस्सा था। जिसका बदला लेने के लिए वह देर रात मंदिर के पास बनी दहलान में पहुंचा। जहां वृद्धा सो रही थी। सोते समय उसने डंडे से वृद्धा के सिर पर प्रहार किया। जिससे वह पलंग से जमीन पर गिर गई। जिसके बाद पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी घर पर आ गया।पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।प्रकरण में आरोपी की

### गाली का बदला लेने के लिए की थी हत्या

बंडा एसडीओपी शिखा सोनी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पता चला कि वारदात की रात संदेही गब्बर पिता सीताराम गौंड (24) गांव वालों और मृतका के साथ गालीगलौज कर रहा था। वहीं, मृतका भी आए दिन गांव वालों के साथ गालीगलौज करती थी। संदेह के आधार पर पुलिस ने गब्बर को हिरासत में लिया और थाने लाकर पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने हत्या की वारदात करना स्वीकार किया।

गिरफ्तारी टीम में विनायका थाना प्रभारी राकेश सिंह राजपूत, एएसआई ओपी राजपूत, प्र.आर. बादल यादव, आरक्षक आशीष, चतुर्भुज, प्रमोद शामिल थे।

# एमपीपीएससी से बनी डीएसपी रश्मि अहिरवार का बीना आने पर किया गया भव्य स्वागत



**बीना/सागर।** बीना के छोटे से ग्राम परसोंरा के रहने वाले किसान उद्दत अहिरवार (पूर्व सरपंच) की पुत्री रश्मि अहिरवार ने MPPSC में डीएसपी पद पर चयन होने पर आज बीना की धारा पर जैसे ही छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से रेलवे स्टेशन पर कदम रखा वैसे ही लोगों ने पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत किया एक और रेलवे स्टेशन से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसका नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया सर्वप्रथम अहिरवार समाज के विजय राजोरिया, जिला पंचायत सदस्य खुशी लाल अहिरवार, दशरथ अहिरवार, एवं अन्य समाज के लोगों ने बिटिया रश्मि का फूल माला पहनकर स्वागत किया वही नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने माला पहनकर स्वागत किया।

## ब्रीफ न्यूज

### देश को सुरक्षित रखने वाले जवानों को देती हूं बधाई - अना उस्मानी



**हरदा।** अधिवक्ता साजिद उस्मानी की बालिका कु.अना उस्मानी ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को मदरसा जमाते इस्लामी न्यू सब्जी मंडी में देशभक्ति पर कहा कि मैं एक बार फिर, आप सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देती हूं। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले हमारे सैनिकों के साथ-साथ सीमाओं के भीतर देश को सुरक्षित रखने वाले पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी मैं बधाई देती हूं। न्यायपालिका, सिविल सेवाओं तथा विदेशों में हमारे मिशनों के सदस्यों को भी मेरी बधाई !

### करताना में प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग का स्वागत

**हरदा।** टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर संजय शाह के मार्गदर्शन में करताना एवं टिमरनी मंडल द्वारा संयुक्त रूप से करताना बस स्टैंड पर मप्र शासन के खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री एवं हरदा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग का पुष्पमाला से स्वागत किया। अक्षय शांडिल्य ने बताया कि इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष सुनील डूडी, पार्षद सुनील दुबे, नगर परिषदाध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, अतुल बारंगे, राजा कौशल, मंगल राजपूत, विक्की मोर्य, विजय यदुवंशी, शंकर राजपूत, संदीप पटेल, दिनेश पटेल, लालू जादोन, मनोज पटेल,धर्मेंद्र पाल, छोटू पटेल, गुलशन चौरसिया, हिमांशु बंसल, मोहित सोलंकी सहित अन्य उपस्थित रहे ।

### दिव्याँग बच्चों के साथ वसुंधरा विशेष विद्यालय में सीहोर के समाजसेवियों द्वारा किया गया झंडा वंदन

**सीहोर ।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर दिव्याँगजनों के हित में कार्य करने वाली समाजसेवी संस्था वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय ब्रह्मपुरी कालोनी सीहोर में समाजसेवी बाबू भाई मिस्त्री , संस्था संयोजक समाजसेवी मधुर विजयवर्गीय , समाजसेवी माननीय भारत गुप्ता जी, डॉ. गौरव ताम्रकार ने दिव्याँग बच्चों के साथ ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात् माँ सरस्वती पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्याँग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर किया गया। सभी अतिथियों द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति की सराहना की । इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी हरीओम शर्मा, रिसीराज शर्मा, डॉ. महेश शर्मा, राधेश्याम मकवाना, लोकेश राठी, संस्था अध्यक्ष संतोष सूर्यवंशी, ज्योति मालवी, भाविका कुशवाहा,ओजस नेमा, रानी,अंजली तिवारी, रीतिक तिवारी, रानी रैकवार, दीपिका कुशवाह व दिव्याँग विद्यार्थीयों की उपस्थिति रही।

## गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व कार्यक्रम संपन्न

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत हितग्राहियों को दी गई सौंगातें

सत्ता सुधार ■ हरदा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार रात को हरदा के पॉलिटेक्निक कॉलेज के ऑडिटोरियम में भारत पर्व मनाया गया। इस कार्यक्रम में नरसिंहपुर से आये सुमित दुबे एवं उनके दल ने बुन्देली लोकगीत प्रस्तुत किये। इसके अलावा सागर से आये अंकित आठिया एवं उनके दल द्वारा बधाई व नौरता लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर हरदा शहर की बालिका कु. नित्या त्यागी ने भी देशभक्तिपूर्ण गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम में आये कलाकारों का अधिकारियों ने माल्यार्पण कर सम्मान किया और उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इससे पूर्व अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

**भारत पर्व कार्यक्रम में विकास प्रदर्शनी सम्पन्न-** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के ऑडिटोरियम में भारत पर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों पर केन्द्रीत विकास प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में भारतीय संविधान एवं संविधान सभा से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण फोटो भी प्रदर्शित किये गये। प्रदर्शनी का अवलोकन कार्यक्रम में आये नागरिकों ने किया।





**मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत सिराली में कार्यक्रम -** नगर परिषद सिराली में सोमवार को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान इन्दौर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में नगर परिषद सिराली की अध्यक्ष श्रीमती अनिता कैलाश चंद्र अग्रवाल द्वारा अभियान के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के चिन्हित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर नगर परिषद के स्वच्छता मित्रों को टूल किट प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा, उपाध्यक्ष सचिन श्याम बुचा सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ सभी नागरिकों को उनकी पात्रता के अनुसार दिलाने के उद्देश्य से गत 11 दिसम्बर से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान प्रारम्भ किया गया था, जोकि 26 जनवरी तक जारी रहा। इस अभियान के दौरान जिन हितग्राहियों के प्रकरण स्वीकृत हुए उन्हें हितलाभ वितरण करने के उद्देश्य से सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्वीकृति पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर इन्दौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य अतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी एलइडी टीवी के माध्यम किया । कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीबों व समाज के पिछड़े वर्ग के लोगों की भलाई के लिये कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि गत एक वर्ष में अनेक विकास कार्य कराये है, जिससे नागरिकों की समस्याएं कम हुई है और उनके जीवन में खुशहाली आई है।जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती झानिया ने इस अवसर पर बताया कि जिले में जनकल्याण अभियान के दौरान कुल 300 शिविर आयोजित कर नागरिकों से प्राप्त 44,393 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने जिला कार्यालय में किया झंडावंदन



सत्ता सुधार ■ दमोह

76 वे गणतंत्र दिवस को भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडलों सहित नगर में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने झंडावंदन किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह व पदाधिकारियों ने सामूहिक राष्ट्रगान किया। राज्य मंत्री लखन पटेल और विधायक जयंत मलैया ने गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं दीं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार और सह प्रभारी महेन्द्र जैन ने बताया कि जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा बड़े गौरव का विषय है कि आज ही के दिन ही भारत का संविधान लागू हुआ था। बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान के माध्यम से जिस लोकतंत्र की कल्पना की थी उसे केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा साकार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समूचे विश्व में देश का मान, सम्मान बढ़ा है। देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। हमें भारत के संविधान व लोकतंत्र पर गर्व हैं।

### जिला जेल दमोह में ध्वजारोहण

**दमोह।** जिला जेल दमोह में 26 जनवरी 2025 दिन रविवार को जेल अधीक्षक सी.एल.प्रजापति के मार्गदर्शन में जेल के बंदियों व कर्मचारियों ने एक साथ 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया. इस अवसर पर एस.डी.एम.आर.एल.बागरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा ध्वजारोहण किया. तत्पश्चात् जेल के अंदर बंदियों द्वारा जेल शिक्षक ऋषिकांत शुक्ला के निर्देशन में देशभक्ति से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए.जेल अधीक्षक सी.एल.प्रजापति ने अपने उद्बोधन में बंदियों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताते हुए संविधान की सर्वोच्चता पर व्यापक प्रकाश डाला. जेल अधीक्षक श्री प्रजापति ने स्वयं देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी. जिसने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

### गणतंत्र दिवस सांस्कृतिक समारोह में डीपीएस दमोह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**दमोह।** 26 जनवरी को स्टेडियम ग्राउंड दमोह में आयोजित गणतंत्र दिवस सांस्कृतिक समारोह में डीपीएस दमोह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्य सांस्कृतिक समारोह में नवोदय विद्यालय हटा ,केंद्रीय विद्यालय दमोह ,गुरु नानक और अन्य स्कूलों ने भी इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया था द्य छत्रपति महाराज शिवाजी और तानाजी मालुसरे का हिंदवी स्वराज अभियान में महत्वपूर्ण योगदान रहा है इसी थीम को आधार बनाकर डीपीसी दमोह ने अपनी प्रस्तुति हजारों दर्शकों के सामने दी द्य इस प्रस्तुति की प्रशंसा सभी दर्शकों और आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों ने खुले दिल से



कीद्य संस्था की चेयरपर्सन डॉक्टर सुधा मलैया और को- चेयर पर्सन श्रीमती पूजा मलैया ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी द्य प्राचार्य श्रीमती अंजलि शैडये ने बच्चों के शानदार प्रदर्शन के लिए कोरियोग्राफर भरत भट्ट , विपुल सर और सहयोगी विशाल पोद्दार ,दिलीप दुबे,आकांक्षा पटेलऔर सभी बच्चों को बहुत-बहुत बधाइयां दी ।

### लोलांगरा की आंगबाड़ी कार्यकर्ता विपता को प्रभारी मंत्री द्वारा पुरस्कार



सत्ता सुधार ■ हरदा/ सिराली

कहते हैं कि अच्छा कम स्वयं बोलता और अच्छे काम का इनाम भी जल्दी ही मिलता है ग्राम लोलांगरा की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ हुआ । उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार विगत दिनों आये हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र लोलांगरा में औचक निरीक्षण किया केंद्र में बच्चों से जो सवाल कलेक्टर के द्वारा पूछे गए सभी का सही जवाब मिला । बच्चों को समय पर भोजन, उनकी पोषण संबंधित सभी जानकारी और भी अन्य काम सभी सही पाए गए एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विपता चौहान के द्वारा कलेक्टर के सवालों का जवाब भी दिया गया। कलेक्टर ने उनके काम की प्रशंसा कर चले गए जिला कलेक्टर के द्वारा 76 वे गणतंत्र दिवस समारोह में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विपता चौहान को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग और कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा सम्मानित कियागया। यह आंगनबाड़ी कार्यकताओं के लिए एक अच्छा संदेश है कि अच्छा काम करने वालों के लिए शासन ने इनाम भी रखा है जो कि जिले की सभी आंगनबाड़ी कार्यकताओं के लिए एक मिसाल है। विपता चौहान को सम्मान मिलने पर सभी ग्रामवासी एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी।

### युवा संगम कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# स्वरोजगार योजनाओं के 126 हितग्राहियों को रूपये 3 करोड़ 12 लाख का वितरण किया

### हितलाभ निजी क्षेत्र की कंपनियों में 228 से अधिक युवाओं का हुआ चयन

सत्ता सुधार ■ अशोक नगर



मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं विकास एवं रोजगार विभाग व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही छत के नीचे युवाओ को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से हर माह निर्धारित दिवस माह के प्रत्येक शुक्रबार को जिला स्तरीय रोजगार/स्वरोजगार के लिए युवा संगम कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत आज कलेक्टर डॉ सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में दिनांक 24 जनवरी 2025 को शासकीय नेहरू महाविद्यालय परिसर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज का कार्यक्रम सांसद प्रतिनिधि मुख्य अतिथि श्री संजीव भारिल्य, विधायक प्रतिनिधि श्री मो शकील खान एवं राजपुर मंडल श्री अमित जैन के आतिथ्य में किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि श्री भारिल्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारी सरकार रोजगार और स्वरोजगार के लिए युवा संगम के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है युवाओ को इसका लाभ उठाना चाहिए आज के कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 8 कम्पनियों द्वारा भाग लिया गया,इस दौरान कुल 266 युवाओं द्वारा पंजीयन कराया गया एवं 228 बेरोजगार युवाओं का प्रारंभिक चयन उपरांत 116 ऑफर लेटर प्रदान किया गया ।

कार्यक्रम के सुब्रता त्रिपाठी त्रिपाठी द्वारा स्टालों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान दिए गए। आयोजित कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओ के 126 हितग्राहियो को 3 करोड़ 12 लाख का रुपए का हितलाभ वितरण किया गया,जिसमें मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन,मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना,पिछड़ा वर्ग मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना,संत रविदास स्वरोजगार योजना,टांट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना,पी एम स्वनिधि पी एम एफएमई आदि योजनाओं के तहत हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी एवं जीएम डीआईसी सत्येंद्र लोधा द्वारा बताया गया कि राज्य शासन द्वारा जिले में माह के चौथे शुक्रवार को युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है इस दौरान जिला व्यापार उद्योग केंद्र महाप्रबंधक सत्येंद्र लोधा,जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना , डीपीएम ग्रामीण आजीविका मिशन दिनेश शर्मा,जिला प्रबंधक कौशल अवनीश अग्निहोत्री ,प्राचार्य आईटीआई अनिल सैनी,बैंक के एलडीएम श्री राजीव राय सहित ,अन्य आधिकारी /कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### प्रशासन ने अचानक रद्द की संयुक्त किसान मोर्चा की बाइक रैली, किसान नेता नजरबंद

**अशोकनगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली संयुक्त किसान मोर्चा की बाइक रैली को प्रशासन ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अचानक रद्द कर दिया। इसके साथ ही मोर्चा के प्रमुख किसान नेताओं को उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से अशोकनगर में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बाइक रैली निकाले जाने की योजना थी। प्रशासन को किसान मोर्चा द्वारा अनुमति के लिए सूचना दी गई थी, लेकिन अचानक अनुमति को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद पुलिस ने सुबह से ही मोर्चा के प्रमुख नेताओं के घरों पर पहरा बिठा दिया। संयुक्त किसान मोर्चा के संरक्षक एवं अखिल भारतीय किसान नौजवान यूनियन के प्रदेश प्रभारी जसदेव सिंह, अखिल भारतीय खेत किसान मजदूर संगठन के सदस्य एवं मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी राजिद अहमद, मोर्चा के संयोजक एवं भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष कृष्णपाल यादव और टिकैत गुट के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह को उनके घरों में नजरबंद किया गया है।

# मुख्य समारोह में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने राष्ट्रध्वज फहराकर ली परेड की सलामी

### जिले में समारोह पूर्वक मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस

सत्ता सुधार ■ दमोह

जिले में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) बड़े हर्षोउल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। देश की आन-बान-शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, जिले भर में शान से लहराया। मुख्य समारोह स्थानीय स्टेडियम मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रातः 9 बजे राष्ट्रध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी सहित परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक हेमंत बरहैया के साथ सलामी परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने हर्षोउल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे गगन में मुक्त किये। राज्यमंत्री श्री पटेल ने साल श्रीफल भेंट कर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया। मुख्य अतिथि प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने मुख्यमंत्री श्री मोहन



यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। संदेश में भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस के मंगल अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रदेश की जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना?। आज राष्ट्र के जन-गण-मन में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व-गुण के फलस्वरूप यह संभव हुआ है। आज संपूर्ण विश्व में भारत की गरिमा और साख बढ़ रही है। गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ पर यह बताते हुए प्रसन्नता है कि एक वर्ष में प्रदेश के चहुँमुखी विकास के साथ प्रदेश की जनता के हित में जन-सहयोग से जो कार्य हुए हैं, उनसे मध्यप्रदेश विकसित राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश के लगभग साढ़े आठ करोड़ नागरिकों को जाता है, जो इस पहचान के शिल्पकार रहे हैं। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशानुरूप विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश की हमारी यात्रा निरंतर चल रही है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 25 दिसम्बर 2024 को छतरपुर जिले के खजुराहो में देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना, केन-बेतवा परियोजना का भूमि-पूजन किया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के 100 वें जन्म जयंती वर्ष में मध्यप्रदेश को मिली इस सौगात में मध्यप्रदेश के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर जिले शामिल हैं। परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र के इन जिलों के कुल 8 लाख हेक्टेयर से अधिक और उत्तरप्रदेश के ढाई लाख हेक्टेयर, इस प्रकार कुल साढ़े 10 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

**हर्षोल्लास** उमंग, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76 वॉ गणतंत्र दिवस, राष्ट्रगान की धुन के साथ तिरंगें झण्डे को सलामी देने के लिये आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया

# मुख्य समारोह में कलेक्टर ने किया झंडा वंदन, ली परेड की सलामी, छात्र-छात्राओं ने दी प्रस्तुति

सत्ता सुधार ■ शहडोल

संभागीय मुख्यालय शहडोल में 76वॉ गणतंत्र दिवस उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह महात्मा गॉधी स्टेडियम में आयोजित हुआ। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने झंडा वंदन कर परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक श्री श्रीराम जी श्रीवास्तव के साथ किया तथा गगन में रंग बिरंगे गुब्बारे मुक्त किये। गणतंत्र दिवस समारोह में पुलिस बल की टुकड़ियों ने हर्ष फायर किया एवं राष्ट्रगान की धुन के साथ तिरंगें झण्डे को सलामी देने के लिये आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। मार्चपास्ट परेड कमॉडर सूबेदार श्री ब्रजलाल रोकड़े, परेड कमाण्डर (टूआईसी) सूबेदार श्रीमती राजमती परस्ते के नेतृत्व में किया





गया। मार्च पास्ट में 29वीं वाहिनी बी कम्पनी विसबल कैम्प शहडोल, उप निरीक्षक सूरज सिंह, जिला बल शहडोल (पुरूष) उप निरीक्षक आनंद झारिया, जिला बल शहडोल (महिला) उप निरीक्षक अर्चना धुर्वे, होम गार्ड श्री कोमल सिंह, वन मंडल दक्षिण श्री महेंद्र सिंह परस्ते, एनसीसी बालक सीनियर में जागेश्वर धुर्वे, एनसीसी बालिका निक्की सिंह, एनसीसी बालक जूनियर प्रियांशु जैन, स्काउड सीनियर बालक ऋत्विक कुमार मिश्रा, स्काउड गाइड बालिका मीनाक्षी सिंह, स्काउड जूनियर बालक अनुराग कुशवाहा, शौर्य दल शहीन खान पुलिस बैंड दल से मो. कमरूद्दीन के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। कलेक्टर एवं समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. केदार सिंह ने परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 25 दिसम्बर 2024 को छतरपुर जिले के खजुराहो में देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना, केन-बेतवा परियोजना का भूमि-पूजन किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्म जयंती वर्ष में मध्यप्रदेश को मिली इस सौगात में मध्यप्रदेश के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर जिले शामिल हैं। परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र के इन जिलों के कुल 8 लाख हेक्टेयर से अधिक और उत्तरप्रदेश के ढाई लाख हेक्टेयर, इस प्रकार कुल साढ़े 10 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही, मध्यप्रदेश की 41 लाख एवं उत्तरप्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल सुविधा भी प्राप्त होगी। इसी तरह, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान की अन्तराज्यीय राष्ट्रीय परियोजना, पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना से 11 जिले गुना, शिवपुरी, सीहोर, देवास, राजगढ़, उज्जैन, आगर-मालवा, इंदौर, शाजापुर, मंदसौर एवं मुरैना लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मौजूदगी में 17 दिसम्बर 2024 को जयपुर में इस परियोजना का त्रिपक्षीय अनुबंध हुआ है। परियोजना से कुल 6 लाख 13 हजार हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा। प्रदेश के भीतर भी नदी जोड़ो परियोजनाओं को क्रियान्वित किए जाने की दिशा में कार्य प्रारंभ किया गया है। शिप्रा-गंभीर-कान्ह डक्ट परियोजना इसका उदाहरण है। प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं की तकनीकी साध्यता पर कार्य किया जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज़

### रतिराम का पुरा टोल पर जबरदस्त फायरिंग का वीडियो वायरल

**मुरैना।** सोमवार को एक टोल प्लाजा पर फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल हुआ और दोपहर पश्चात पुलिस के संज्ञान में भी आया। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि अंबाह रोड स्थित रतिराम का पुरा टोल का वीडियो है। बताया जाता है कि यह वीडियो लगभग 10 दिन पुराना है और 17- 18 जनवरी को फायरिंग की घटना रतिराम का पुरा टोल पर हुई है। ऐसी भी जानकारी मिली है कि टोल प्लाजा का प्रभार किसी नई पार्टी पर आया है और उसने अपना दबदबा दिखाने के लिए इस घटनाक्रम को अंजाम दिया है। दिनदहाड़े जब फायरिंग की गई तो वहां पर दहशत फैल गई और दोनों तरफ से आने वाले वाहन चालक टोल से पहले ही ठहर गए। सोमवार को जब यह वीडियो दिमनी थाना प्रभारी शशि कुमार के संज्ञान में आया तो वह तत्काल इस मामले की जांच में जुट गए और बताया कि शीघ्र ही इसका खुलासा किया जाएगा।

### संजीवनी हॉस्पिटल का शुभारंभ 2 फरवरी को,

**मुरैना।** आगामी 2 फरवरी रविवार को 50 बिस्तर वाले मल्टी स्पेशलिटी संजीवनी हॉस्पिटल का शुभारंभ देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। संजीवनी हॉस्पिटल की नवीन बिल्डिंग में आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई है, जिससे मुरैना जिले के लोगों को लाभ मिलेगा। शुभारंभ कार्यक्रम को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा गत दिवस मुरैना भ्रमण के दौरान संजीवनी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया और संजीवनी हॉस्पिटल के संचालक डॉ योगेंद्र यादव को तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, श्रीमती शारदा सोलंकी महापौर नगर निगम, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता, अशोक यादव, गंगा परिवार के राष्ट्रीय संयोजक दीवान सिंह यादव उपस्थित रहे।

# जिला मुख्यालय पर हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मना गणतंत्र दिवस



**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

जिले में 76वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड पर भव्य एवं आकर्षक परेड के साथ आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर भव्य परेड की सलामी ली। इसके पश्चात उनके द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर एस.ए.एफ 5वीं बटालियन, जिला पुलिस बल महिला, जिला पुलिस बल पुरूष, होमगार्ड, फॉरेस्ट प्लाटून, एनसीसी आर्मी सीनियर डिवीजन, एनसीसी आर्मी जूनियर डिवीजन, एनसीसी नेवल जूनियर बालक, एनसीसी नेवल जूनियर गर्ल्स, स्काउट गाईड, शौर्य दल और पुलिस बैंड की टुकड़ी ने आकर्षक मार्च पास्ट किया।

मुख्य अतिथि ने खुली जीप में परेड टुकडियों को सलामी दी गई। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर अंकित अस्थाना, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान उपस्थित थे। परेड की द्वितीय कमान सूवेदार हरेन्द्र सिंह नरवरिया ने संभाली। समारोह के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने शहीदों के परिजनों का शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया। झांकियों की श्रृंखला में महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग, नगर पालिका निगम मुरैना, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, जिला पंचायत, बैटनरी विभाग और पीएचई विभाग द्वारा झांकियां निकाली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय कन्या महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल नंबर 1 मुरैना, अशासकीय विक्टर कॉन्वेट स्कूल मुरैना सहित अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक एवं रंगा-रंग प्रस्तुति दी।

## हम फाउंडेशन संस्कृति ने संग्रहालय पर मनाया गणतंत्र दिवस



**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

हम फाउंडेशन संस्कृति शाखा मुरैना ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर पुरातत्व संग्रहालय में झड़ावंदन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम काव्य गोष्ठी का आयोजन किया और सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर दैनिक अजय भारत की साहित्य संपादिका, हम फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष कवयित्री ललिता दीक्षित, उपाध्यक्ष दया शर्मा, सचिव प्रेरणा गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीषा भारद्वाज, महिला सहभागिता रेखा गुप्ता और सदस्य प्रीति दीक्षित, पुरातत्व अधिकारी अशोक शर्मा, कवि प्रहलाद भक्त, कवि मनोज मधुर एवं श्याम शर्मा आदि मौजूद रहे। आयोजन के दौरान कवियों ने देश भक्ति के लिए गीत गजल सुनाए। वहीं हम फाउंडेशन संस्कृति की जिला अध्यक्ष ललिता दीक्षित ने देश में सुख शांति बनाये रखने की प्रार्थना की और कहा कि हम सभी को मिलकर एक दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान रखना चाहिए ताकि हम अपने समाज को एक नई दिशा और बेहतर बनाने में सफल हो सकें। मुरैना। हम फाउंडेशन संस्कृति शाखा मुरैना ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर पुरातत्व संग्रहालय में झड़ावंदन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम काव्य गोष्ठी का आयोजन किया और सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

इस अवसर पर दैनिक अजय भारत की साहित्य संपादिका, हम फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष कवयित्री ललिता दीक्षित, उपाध्यक्ष दया शर्मा, सचिव प्रेरणा गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीषा भारद्वाज, महिला सहभागिता रेखा गुप्ता और सदस्य प्रीति दीक्षित, पुरातत्व अधिकारी अशोक शर्मा, कवि प्रहलाद भक्त, कवि मनोज मधुर एवं श्याम शर्मा आदि मौजूद रहे। आयोजन के दौरान कवियों ने देश भक्ति के लिए गीत गजल सुनाए। वहीं हम फाउंडेशन संस्कृति की जिला अध्यक्ष ललिता दीक्षित ने देश में सुख शांति बनाये रखने की प्रार्थना की और कहा कि हम सभी को मिलकर एक दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान रखना चाहिए ताकि हम अपने समाज को एक नई दिशा और बेहतर बनाने में सफल हो सकें।

## नगर में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

झुण्डपुरा। नगर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य समारोह नगरपालिका परिषद झुण्डपुरा कार्यालय पर आयोजित किया गया, जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष मनीषा बल्ली सोनी ने ध्वजारोहण किया व संदेश का वाचन नगरपालिका परिषद उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक कुमार वाल्मीकि ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित उपस्थित पार्षदों का सम्मान किया। इससे पूर्व अध्यक्ष उपाध्यक्ष सीएम्ओ व पार्षदों तथा कर्मचारियों ने वार्ड 15 स्थिति अंबेडकर पार्क में पहुंचकर डां भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कर्मचारी एवं पार्षद सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



### गणतंत्र दिवस पर सोल्जर अकेडमी की शानदार प्रस्तुति, मिला प्रथम पुरुस्कार

**जौरा।** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस थाना प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें झंडा वंदन जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रिया सिकरवार ने किया। गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व मनाने स्कूली छात्र-छात्राएं अपने विद्यालयो से रैली के रूप में हाथों तिरंगा झंडा लेकर बंदे मातरम भारत माता की जय जैसे देश भक्ति के नारे लगाते हुए पुलिस थाना परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में पहुंचकर शामिल हुए। यहां स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान सोल्जर अकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति मंच से देकर प्रथम स्थान हासिल कर प्रथम पुरुस्कार प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान एमजीएस स्कूल व तृतीय पुरस्कार सीएम राइज स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति पर दिया गया।

## विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ हुआ संपन्न



**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

द सन मिशन स्कूल गणेशपुरा में गणतंत्र दिवस एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम स्टेशन रोड थाना प्रभारी अमरसिंह सिकरवार के द्वारा ध्वजारोहण पश्चात आरंभ हुआ। इस मौके पर स्टेशन रोड थाना प्रभारी ने बच्चों को गणतन्त्र दिवस की महत्वता को बतलाते हुए बच्चों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नाटक, भजन, गीत, नृत्य व भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर सक्सैना एवं सेवा निवृत प्राचार्य श्यामसिंह भदौरिया द्वारा बच्चों को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य विधा व खेलों में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार देकर किया गया। इस दौरान श्री सक्सैना ने बच्चों को उनकी जीत पर बधाई दी एवं जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त किया। आयोजन के अंत में विद्यालय के प्राचार्य मनमोहन श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, छात्र-छात्राओं एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकायें मौजूद रहे।

## अनुसूचित जाति जनजाति सामाजिक सद्भाव समिति का चुनाव निर्विरोध संपन्न



**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

अनुसूचित जाति जनजाति सामाजिक सद्भाव समिति मुरैना की साधारण सभा की बैठक विगत दिवस आयोजित हुई, जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा समिति की प्रबंधन कार्यकारी पदाधिकारी का सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन घोषित किया गया। इस समिति में अध्यक्ष डॉ हरिवंश सिंह, उपाध्यक्ष बदले सिंह आलोरिया, सचिव रामदिन सेमिल, संयुक्त सचिव शिवचरण बंसल, कोषाध्यक्ष श्रीपति बरेलिया, कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यकारी उपाध्यक्ष अंतराम कौशल, रामस्वरूप शाक्य, रमेशचंद्र सिकरोदिया, सोबरन टुण्डेलकर, ओंकार सिंह नरवार, मोतीराम सोलंकी, हरदास, वकील सिंह, बिलासीराम दोनोरिया, अंतराम कौशल, राम अख्तियार टैगोर, लोकमन सिंह, भगवान लाल, सूरज पचौरी, डॉ रामधन कोठारी, भगवान सिंह, रामनरेश नागर, नरेश चंद्र, आदिराम जाटव, अरविंद, एमडी शाक्य, आरबी टैगोर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किए गए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मुकेश जाटव द्वारा दी गई।

# घर पर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले आरोपी दो सगे भाई गिरफ्तार



**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

जिले की पहाड़गढ़ थाना पुलिस ने 12 दिन पूर्व एक युवक के घर पर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह परिहार पहाडगढ को मुखबिर से सूचना मिली कि मुखबिर से फायरिंग के प्रकरण में वांछित दो आरोपीगण राजपाल पुत्र पतिराम धाकड़ एवं रामेश्वर पुत्र पतिराम धाकड़ निवासी पिपरोनिया गांव में नहर की पुलिया पर घूम रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपियों को पकडकर पूछताछ की गई तो उनके द्वारा अपने अन्य 02 साथियों के साथ मिलकर उक्त घटना करना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार 315 बोर का एक देशी कट्टा, 1 जिंदा राउण्ड एवं 1 लाठी जब्त की। प्रकरण में फरार शेष 2 आरोपीगण की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार उक्त दोनों आरोपीगण के विरूद्ध पूर्व से भी मारपीट, फायरिंग, चोरी आदि के आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त आरोपी गणों द्वारा 15 जनवरी को फरियादी अनिल पुत्र राजपुरी गोस्वामी निवासी ग्राम पिपरोनिया के घर पर फायरिंग की थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था और तभी से पुलिस उनकी तलाश कर रही थी।

## खेत पर पानी दे रहे युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत

**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

सुमावली थाना क्षेत्र के बजहेरा गांव में खेत में पानी दे रहे एक युवक की सोमवार की सुबह करंट लग जाने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामदास पुत्र भागीरथ प्रजापति 28 वर्ष निवासी बजहेरा सुमावली सोमवार की सुबह 9:00 किसी दूसरे के खेत में पानी दे रहा था, जहां लाइट में कुछ गड़बड़ हुई और वह सही करने निकला, तभी करंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और थोड़ी ही देर में उसकी मौत हो गई। हादसा होने पर खेतों में काम कर रहे अन्य ग्रामीण एवं परिवारजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए लेकर दौड़े, लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार की दोपहर मृतक का पीएम मुरैना में किया गया है। उक्त घटना के बाद सुमावली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच आरंभ कर दी है।

# किसान ट्रैक्टर परेड रैली कृषि उपज मंडी से शक्कर कारखाने तक संपन्न

**सत्ता सुधार ■ कैलारस**



संयुक्त किसान मोर्चा, शक्कर कारखाना चलाओ संघर्ष समिति द्वारा सर्वदलीय ट्रैक्टर किसान परेड रैली कृषि उपज मंडी से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से गुजरती हुई शक्कर कारखाने पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस रैली के दौरान शक्कर कारखाना चलाओ, मुख्यमंत्रियों की घोषणाओं पर अमल करो, किसान कर्मचारियों का बकाया भुगतान करो, विशेष अनुदान दिया जाए, कारखाने की परि संपत्तियों को नहीं बेचा जाए, किसानों की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की गारंटी का कानून बनाया जाए, किसान कर्ज मुक्ति की जाए, समग्र फसल बीमा योजना लागू की जाए आदि मांग जोरदार तरीके से किसान ट्रैक्टर परेड रैली में उठाई गई। इस रैली के दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक महेश दत्त मिश्रा, मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व नपाध्यक्ष अशोक तिवारी, माकपा के गयाराम सिंह धाकड़, कांग्रेस के पूर्व महासचिव बृजमोहन मरैया, रवि उपाध्याय, माकपा के ओम प्रकाश श्रीवास राजेश गुप्ता राजवीर सिंह, बसपा नेता नंदलाल खरे, सुरेंद्र शाक्य, कांग्रेस के नरहरि शर्मा, साबिर पठान, अजय माहोरिया आदि ने किसान आंदोलन का पुरजोर समर्थन किया और आंदोलन को आगे चलने और बढ़ाने का संकल्प भी दोहराया। नेता गणों ने कहा है कि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम आगामी दिनों में कैलारस में जोरदार आंदोलन करेंगे। आवश्यकता होने पर विधानसभा पर भी आंदोलन की तैयारी करेंगे।

# 12 वर्षों बाद श्रवण नक्षत्र, सिद्धि योग, कुंभ महापर्व के संयोग में मौनी अमावस्या

**सत्ता सुधार ■ मुरैना**



इस वार की मौनी अमावस्या होगी खास, क्योंकि इसकी बात ही कुछ और है। वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ने बताया कि इस बार की मौनी अमावस्या खास योगों के साथ है। इसलिए विशेष रूप से खास रहेगी। यह 29 जनवरी बुधवार के दिन श्रवण नक्षत्र सिद्धि योग के संयोग के साथ रहेगी। इस दिन ग्रहों की स्थिति बेहद खास होगी, जो 12 वर्षों बाद बनी हुई है। चंद्रमा एवं सूर्य दोनो ग्रह शनि की राशि मकर में होंगे, गुरु वृष राशि में होने से माघ मास में मौनी अमावस्या को महाकुंभ महापर्व प्रयागराज में चल रहा है। इससे इसका फल, पुण्य विशेष बढ़ जाता हैं। श्री जैन ने कहा कि इस दिन मौन रहकर व्रत करना चाहिए। मुनि शब्द से ही मौनी की उत्पत्ति हुई है, इसलिए इस व्रत को मौन धारण करके करने से मुनि पद की भी प्राप्ति होती है और आत्म बल बढ़ता है। यह दिन सृष्टि संचालक मनु का जन्म दिवस भी है। इस बार मौनी अमावस्या को 29 जनवरी को प्रयागराज में शाही अमृत स्नान संयोग है। श्री जैन ने कहा कि यदि इस दिन प्रयाग में संगम के तट पर स्नान किया जाए तो व्यक्ति के समस्त पाप का नाश होता है। अगर कुंडली में पितृ दोष योग है अथवा कालसर्प योग है या राहु, केतु, शनि की दशा है तो इस दिन स्नान, दान करने से वे तुरंत शांत होकर शुभ फल देते है। जो गंगा संगम अथवा पवित्र नदी आदि में स्नान करने नहीं पहुंच पाते उन्हें घर के जल में गंगा जल मिलाकर स्नान कर दान करना चाहिए।

## जन कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को वितरित किया गया हितलाभ

**मुरैना।** जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बांटा गया। इंदौर में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर नगर निगम द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जो पात्र हितग्राही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से छूट गए, ऐसे पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर अभियान के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। निगम आयुक्त सतेंद्र धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम मुरैना द्वारा अभियान के अंतर्गत शहर के सभी 47 वार्ड में शिविरों का आयोजन किया गया था तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्रहियों के चिन्हांकन हेतु वार्ड वार दलों का गठन भी किया गया था। पात्र हितग्रहियों के चिन्हांकन उपरांत जो हितग्राही जनकल्याणकारी योजना का लाभ लेने से छूट गए थे, ऐसे हितग्रहियों को आज जनकल्याणकारी कार्यक्रम में हितलाभ का वितरण किया गया।



## ब्रीफ न्यूज

### प्रीमियर लीग फुटबॉल में मार्टिनेज के गोल से यूनाइटेड जीती

**लंदन।** लिसांद्रो मार्टिनेज के गोल से यहां खेली जा रही प्रीमियर लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने फुलहम क्लब को 1-0 से हरा दिया। मार्टिनेज ने खेल के 78वें मिनट में ये गोल दगा। इस जीत से यूनाइटेड अंक तालिका में 12वें स्थान पर पहुंच गयी है। अब टीम का ध्यान व्यस्त जनवरी में यूईएफए यूरोपा लीग मुकाबले पर रहेगा। वहीं गुरुवार को यूनाइटेड की टीम रोमानिया में एफसीएसबी से खेलेगी। वहीं अगर वह यह मैच जीतती है तो राउंड ऑफ 16 में पहुंच जाएगी। मैच के पहले हाफ में यूनाइटेड पर फुलहम हावी रही। फुलहम एलेक्स इवोबी ने कई हमले किये पर यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना ने उन्हें विफल कर दिया। इसके बाद यूनाइटेड की ओर से एक पास को मार्टिनेज ने गोल में बदल दिय। अंतिम क्षणों में फुलहम ने बराबरी के प्रयास किये पर वह असफल रही। उसकी जोआचिम एंडरसन ने एक कॉर्नर पर अच्छी फ्लिक लगाई पर वह गोल में नहीं गई।

### आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश या यूएई से अभ्यास मैच खेल सकती है भारतीय टीम

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने मुकाबले शुरु होने से पहले एक अभ्यास मैच खेल सकती है। उसका ये मैच दुबई में बांग्लादेश या संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से हो सकता है। ये अभ्यास मैच कब खेला जाएगा। इसकी अभी घोषणा नहीं हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार उस समय दुबई में केवल बांग्लादेश की टीम ही रहेगी। इसलिए उसके साथ अभ्यास मैच होने की अधिक संभावना है। अगर बांग्लादेश नहीं रहेगी तो फिर यूएई से सामना होगा। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच बांग्लादेश से और उसके बाद पाकिस्तान और फिर न्यूजीलैंड से खेलेगी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगा। इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें भाग लेंगी। भारतीय टीम 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश से अपना पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला होगा। भारतीय टीम अपना तीसरा और अंतिम ग्रुप ए मैच 2 मार्च को दुबई में न्यूजीलैंड से खेलेगी।

### जब अंपायर ने हवा में चला दी गोली

**नई दिल्ली।** खेल के दौरान खिलाड़ियों के अंपायर पर दबाव बनाने और गरमागरमी के मामले तो कई बार देखने और सुनने में आते हैं पर अब एक ऐसा खुलासा हुआ है जिसे जानकार आप हैरत में पड़ जाएंगे। इसमें अंपायर ही खिलाड़ियों पर भड़क गया और उसने पिस्तौल तान दी। ये मामला उत्तर प्रदेश का है। इसमें अनुभवी अंपायर अनिल चौधरी ने कहा है कि एक बार उन्हें उत्तरप्रदेश में एक टूर्नामेंट में अंपायरिंग के लिए बुलाया गया था। जब उन्होंने आयोजकों से इसका कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि एक मैच के दौरान स्थानीय अंपायर पर कुछ खिलाड़ियों ने दबाव बनाने का प्रयास किये।



इटली में सीरीज ए फुटबॉल में लिसी और इंटर मिलान के बीच मैच में मिलान के मेहेंदी तेरेमी गोल करते हुए।

# एसए20 लीग में जॉबर्ग सुपर किंग्स ने सनराइजर्स को 9 विकेट से हराया

**एजेंसी ■ जोहान्सबर्ग**

यहां खेली जा रही एसए20 क्रिकेट लीग में जॉबर्ग सुपर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स ईस्टर्न केप को नौ विकेट से हरा दिया। जॉबर्ग सुपर किंग्स की जीत में तेज गेंदबाज लुथो सिपामला और हार्डस विल्जोएन की अहम भूमिका रही।



इन दोनो के सामने सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बल्लेबाज टिक नहीं पाये। इस मैच में जॉबर्ग सुपर किंग्स की ओर से सिपामला ने 13 रन देकर तीन विकेट लिए। सिपामला ने बल्लेबाज जैक क्रॉली को स्लिप में कैच कराया। इसके अलावा टॉम एबेल को भी बोल्ड किया। इस तरह सनराइजर्स की टीम ने बिना कोई रन बनाये दो विकेट खो दिये। इसके बाद जॉर्डन हरमैन और एडन मार्करम के आउट होने से सनराइजर्स टीम की मुश्किलें बढ़ गयीं। इसके बाद डेविड बेडिंगम 48 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 37 रन बनाये पर इनके आउट होते ही टीम ढ़ह गयी। हार्डस विल्जोएन ने 24 रनों में चार खिलाड़ियों को आउट कर सनराइजर्स टीम को 118 रन पर ही आउट कर दिया। जॉबर्ग सुपर किंग्स की ओर से बल्लेबाजी करते हुए डेवोन कॉन्वे ने नाबाद 76 नाबाद और विहान लुब्बे ने नाबाद 25 रन बनाकर अपनी टीम को छह ओवर पहले ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

# तीसरे टी20 में इंग्लैंड को हराकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी भारतीय टीम

## भारतीय टीम ने पहला मैच 7 विकेट जबकि दूसरा 2 विकेट से जीता था

**एजेंसी ■ राजकोट**

पहले दो टी20 मैचों में जीत से उत्साहित भारतीय टीम मंगलवार को यहां मेहमान टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में भी जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम पांच मैचों की इस सीरीज में 2-0 से आगे है। उसका लक्ष्य तीसरा मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करना रहेगा। अब तक हुए दोनो ही मुकाबलों में भारतीय टीम हावी रही है। भारतीय टीम ने पहला मैच 7 विकेट जबकि दूसरा 2 विकेट से जीता था। वहीं दूसरी और मेहमान टीम भी इस मैच को किसी भी हाल में जीतकर सीरीज में वापसी करना चाहेगी हालांकि इसके लिए उसे बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस मैच में पिच बल्लेबाजों के अनुरुपस है। यहां पर बल्लेबाजों को ज्यादा सहायता मिलती है। अच्छी पेस और उछाल होने की वजह से गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है। यहां पर बड़े स्कोर वाला मैच होने की संभावना है। अब तक इस मैदान पर कुल पांच टी20 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जबकि दो बार दूसरी बार बल्लेबाली करने वाली टीम ने जीते हैं। यहां पर टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने को देख सकती हैं, इससे यह फायदा होगा कि पहले बल्लेबाजी करके टीम अच्छा स्कोर खड़ा कर सकती है और विरोधी टीम पर रनों का दबाव डाल सकती है। बता दें कि खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ता है पिच बल्लेबाजों के लिए थोड़ी कठिन होती जाती है। पहली पारी की तुलना में यहां दूसरी पारी में रन बनाना इतना आसान नहीं है। भारतीय टीम की ओर से पहले टी20 में अभिषेक शर्मा जबकि दूसरे टी20 में तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी की थी। अब इन दोनो का ही लक्ष्य इसी प्रदर्शन को बनाये रखना रहेगा। वहीं इंग्लैंड की बात करें तो अब तक दोनों टी-20 मुकाबलों में कप्तान जोस बटलर को छोड़कर अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं। ऐसे में तीसरे मुकाबले में अन्य खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। गेंदबाजी की बात करें तो जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड अच्छी लय में थे पीर हालांकि, अन्य गेंदबाजों को उनका साथ देना होगा।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, मोहम्मद शमी , अर्शदीप सिंह, अभिषेक शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा।

**इंग्लैंडः-** जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, फिल साल्ट (विकेटकीपर), लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, बेन डकेट, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड, ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), आदिल राशिद , जैकब बेथेल।

### इंग्लैंड ने की सीरीज हारने की तैयारी?

इंग्लैंड की टीम ने सोमवार 27 जनवरी को अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। तीसरे मैच में भी वही खिलाड़ी खेलने वाले हैं, जिन्होंने दूसरे मैच में हिस्सा लिया था। यानि इसमें कोई भी बदलाव नहीं है और टीम में मौजूद इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन पिछले दोनों ही मैचों में साधारण रहा है। चेन्नई में हुए मैच में कप्तान जॉस बटलर और ब्रायडन कार्स के अलावा कोई भी बल्लेबाज सफल नहीं रहा था। ओपनर फिल सॉल्ट और बेन डकेट के हैरी ब्रूक और लियम लिविंगस्टन पूरी तरह फ्लॉप रहे हैं। इसके अलावा एक ओर जहां भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहले मैच में 3 और दूसरे में 5 स्पिनर का इस्तेमाल कर सफलता हासिल की। वहीं दूसरी ओर बटलर ने इन दो मैचों में 2 स्पिनर्स का इस्तेमाल किया और महज 9 ओवर दिए। राजकोट में होने वाले मैच में खेल बढ़ने के साथ स्पिनर्स को ही मदद मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। लेकिन तीसरे मैच में भी इंग्लैंड की टीम 2 स्पिनर के साथ ही उतरने वाली है।

# ओडिशा वॉरियर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा को हराकर महिला हॉकी लीग खिताब जीता

## दोनों टीमें लगातार करती रही प्रयास




**एजेंसी ■ रांची**

ऋतुजा डाडासो पिसाल के शानदार प्रदर्शन से झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को खेले गये महिला हॉकी लीग के खिताबी मुकाबले में ओडिशा वॉरियर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-1 से हरा दिया। इस प्रकार इस लीग का पहला खिताब जीतने का अवसर ओडिशा वॉरियर्स टीम को मिला है। ओडिशा वॉरियर्स की ओर से ऋतुजा ने मैच के 20वें और 56वें मिनट में दो गोल दागे।

वहीं ऋतुजा के पहले गोल के बाद जेएसडब्ल्यू सूरमा की ओर से पेनी साकिब ने 28वें मिनट में एक गोल कर मुकाबला 1-1 से बराबरी पर ला दिया। अंतिम मिनट में ऋतुजा ने एक और गोल कर अपनी टीम को जीत दिला दी। इस मैच में दोनो ही टीमों से शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। वॉरियर्स की फ्रीके मूस ने शुरुआत में ही गोल का प्रयास किया पर सूरमा की रक्षापंक्त ने उसे नाकाम कर दिया। इसके बाद से ही। दोनों टीमें लगातार प्रयास करती रहीं। पहला क्वार्टर गोलरहित रहा। दूसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमें संघर्ष करती रहीं। कुछ देर बाद ही वॉरियर्स ने पहला गोल कर बढ़त हासिल कर ली।

ये गोल ऋतुजा ने किया पर ये बढ़त अधि देर तक नहीं रह सकी, कछ ही मिनट बाद पेनी साकिब ने एक गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया। हाफ टाइम तक स्कोर 1-1 से बराबर था। तीसरे क्वार्टर में दोनों ही ही टीमों ने गोल करने के काफी प्रयास किये पर सफल नहीं रहीं। वहीं अंतिम क्वार्टर में वॉरियर्स को पेनल्टी कॉर्नर मिला पर वह उसे गोल में बदल नहीं पायी। इसके बाद ऋतुजा ने एक गोल दागकर अपनी टीम को 2-1 से जीत दिला दी।

# ईशान किशन सहित तीन क्रिकेटरों ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मुलाकात की, भविष्य में भाजपा में शामिल होने की अटकलें

**एजेंसी ■ जमशेदपुर**

भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के साथ मुलाकात की है। इस मुलाकात की तस्वीरें आते ही ईशान के भविष्य में भाजपा में शामिल होने की अटकलें भी लगनी शुरु हो गयीं। ईशान के साथ इस दौरान झारखंड क्रिकेट टीम के कप्तान विराट सिंह और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी रहे मोनू सिंह भी थे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से तीनों क्रिकेट खिलाड़ियों ने उनके आवास पर ये



मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरें स्वयं रघुवर दास ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं। उन्होंने इस दौरान तीनों खिलाड़ियों को उनके सफल और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। ईशान के पिता पहले से ही सक्रिय राजनीति में हैं, जिसके कारण ईशान किशन के भी राजनीति में आने की अटकलें लगायी जाने लगीं है। ईशान का झारखंड क्रिकेट से भी जुड़ाव रहा है, जिसके कारण भी माना जा रहा है कि उन्होंने रघुवर दास से मुलाकात की है। रघुवर दास ने पिछले दिनों ओडिशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देकर एक बार फिर सक्रिय राजनीति में कदम रखा था। रघुवर दास ने 1980 के बाद 2025 में 45 साल बाद फिर से बीजेपी की सदस्यता ली है। रघुवर दास के वापस सक्रिय राजनीति में लौटने के बाद उन्हें संगठन में अहम पद दिए जाने की संभावनाएं हैं। ईशान पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं।



मेलबर्न में टेलर टाउनसेंड व कैटरीना सिनियाकोवा युगल ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती हुई।

## आईपीएल

### सूत्रों के अनुसार, रेड्डी को कम से कम चार सप्ताह के आराम और रिहैबिलिटेशन की जरूरत

# शिवम दुबे की भारतीय टीम में वापसी संभव, नीतीश रेड्डी और रिंकू सिंह चोटिल

**एजेंसी ■ मुंबई**

इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारतीय टीम को बड़ा झटका लग सकता है क्योंकि उभरते हरफनमौला खिलाड़ी नीतीश कुमार रेड्डी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण शेष मैचों से बाहर हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, रेड्डी को कम से कम चार सप्ताह के आराम और रिहैबिलिटेशन की जरूरत है, जिससे उनकी वापसी अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान ही संभव होगी। रेड्डी की अनुपस्थिति में, 31 वर्षीय शिवम दुबे को भारतीय टीम में बुलाए जाने की संभावना है। दुबे 28 जनवरी को राजकोट में खेले जाने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले टीम में शामिल हो सकते हैं।



उन्होंने पिछली बार जुलाई 2023 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था, लेकिन पीठ की चोट के कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा था। हाल ही में घरेलू क्रिकेट में वापसी के बावजूद, दुबे का प्रदर्शन रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ प्रभावित नहीं कर सका, जहां वह दोनों पारियों में खाता खोलने में असफल रहे।

रेड्डी के चोटिल होने के अलावा, रिंकू सिंह भी चोटिल बताए जा रहे हैं। उनकी जगह चयनकर्ताओं ने रमनदीप सिंह को टीम में शामिल किया है। यह भारतीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण समय है, क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलन बनाए रखना अहम होगा। शिवम दुबे ने अब तक 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 135 की स्ट्राइक रेट से 448 रन बनाए हैं और गेंदबाजी में 11 विकेट चटकाए हैं।

हालांकि, टीम प्रबंधन के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि दुबे चोट से वापसी के बाद राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह कितनी प्रभावी ढंग से बना पाते हैं। चयनकर्ताओं ने रेड्डी को उनकी हालिया फॉर्म और ऑस्ट्रेलिया में किए गए प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर टीम में शामिल किया था। लेकिन अब उनकी जगह दुबे के चयन से टीम की संरचना में क्या बदलाव आएगा, यह देखने लायक होगा। वहीं, रमनदीप सिंह को रिंकू सिंह की जगह शामिल किए जाने से यह भी स्पष्ट होता है कि भारतीय क्रिकेट का फोकस प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मौका देने पर है। आधिकारिक घोषणा के लिए बीसीसीआई की ओर से अभी इंतजार है, लेकिन यह बदलाव इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारतीय टीम के प्रदर्शन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है।

### आशा भोसले की पोती जनाई को बहन मानते हैं सिराज

**मुम्बई।** बॉलीवुड गायिका आशा भोसले की पोती जनाई भोसले की हाल में कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर छायी हुई थीं। इन्हीं में से कुछ तस्वीरों में क्रिकेटर मोहम्मद सिराज भी दिखे थे। जिसके बाद से ही प्रशंसकों को लगा था कि ये दोनो डेट कर रहे हैं। वहीं इसी को लेकर सिराज का कहना है कि ऐसी कोई बात नहीं हैं और जनाई मेरी बहन की तरह है। सिराज ने सोशल मीडिया पर आशा भोसले की पोती जनाई के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए एक लिखा , 'मेरी बहना के जैसी कोई बहना नहीं। बिना इसके कहीं भी मुझे रहना नहीं। जैसा है चांद सितारों में, मेरी बहना है एक हजारों में'।

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075



# शुभ विवाह...बहू के आगमन पर झूमा श्रीवास्तव परिवार







बारात की आवभगत के बाद दूल्हा-दुल्हन ने स्टेज पर एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। इसके बाद जब दूल्हा-दुल्हन फेरे लेने के लिए वेदी के समक्ष पहुंचे तो श्रीवास्तव परिवार के पुरोहित ने नितिन श्रीवास्तव और ईशा श्रीवास्तव के विवाह की सभी रस्में पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न कराई।









## एक दूसरे को पहनाई वरमाला...



















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुरुद्वारा चौराहा, शिवपुरी से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, फोन- 403553 ।स्थानीय संपादक दीपक अरोरा*।
आर.एन.आई. नं. एम पी एच आई एन/2000/2530 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।